हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 8 अप्रैल 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

EXPERT COACHING CLASSES
NEET / IIT-JEE INSTITUTE
Summer Classes
Batches Starting from 22nd April-2024
10th / 11th / 12th ICSE / CBSE / CG BOARD
2 Yrs. Course
11th + NEET / JEE
12th Board+ NEET / JEE
Classes Start from 11 Apr. 2024
FOUNDATION
Learn NEET / JEE
8th 9th 10th
Classes Start from 11 Apr. 2024
REGULAR CLASSES
8th 9th 10th
11th 12th
ICSE / CBSE / CG BOARD
Classes Start from 11 Apr. 2024
Bal Bharti Public School Campus, Baldev Bagh, Rajnandgaon Cont. - 76111-66661 / 96448-96441

# श्रद्धालुओं के लिए डोंगरगढ़ में ठहरेगी 5 एक्सप्रेस, लंबी दूरी की ट्रेनों में मिलेगा फलाहारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्रि के मद्देनजर डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में पांच एक्सप्रेस ट्रेनें ठहरेंगी। यह सुविधा अप व डाउन दोनों दिशा में मिलेगी। ठहरने वाली ट्रेनों की सूची के साथ-साथ रेलवे ने समय भी जारी किया है, ताकि मां बम्लेश्वरी के दर्शन को पहुंचने वाले भक्तों को परेशानी न हो। चैत्र नवरात्रि नौ अप्रैल से प्रारंभ हो रही है। इसे देखते हुए रेल प्रशासन ने दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखकर डोंगरगढ़ तक पहुंचने में किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए अस्थाई ठहराव की सुविधा 9 से 17 अप्रैल तक मिलेगी। हालांकि सामान्य दिनों में यह ट्रेनें इस स्टेशन पर नहीं रूकती। ऐसे में श्रद्धालुओं को आगे या पीछे के उन स्टेशनों पर उतरना पड़ता है, जहां इनका स्टापेज है। रेलवे दोनों पक्ष की नवरात्रि में इसी तरह ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था करता है। स्टेशन में सुरक्षा के खास इंतजाम किए जाएंगे। इसमें आरपीएफ व जीआरपी के अतिरिक्त स्टाफ की ड्यूटी लगेगी। आईआरसीटीसी ने नवरात्रि में उपवास रखकर ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए फलाहारी मेन्यू तैयार किया है। नवरात्रि स्पेशल थाली के साथ ही सेंधा नमक, साबूदाना और कूटू के आटे से बनी खाद्य सामग्री को इसमें शामिल किया गया है। यह 99 रुपए से लेकर 300 रुपए की कीमत में यात्रियों को चलती ट्रेन में उपलब्ध कराई जा रही है। नवरात्रि स्पेशल में मूंगफली, आलू की टिक्की, कूटू की पूड़ियां या पराठे, सिंघाड़े की सब्जी फ्रेंच फ्राइज, साबूदाना बड़ा, फलाहारी चिवड़ा, फलाहारी थाली, मलाई बर्फी उपलब्ध रहेगा।

## कल से नवरात्र, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने जारी की ट्रेन स्टॉपेज की समय-सारिणी

### मेमू का रायपुर तक विस्तार

दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखकर 08742/08741 गोंदिया-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का रायपुर तक विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा तीन मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेनों को अस्थाई रूप से पुनः परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत आठ से 17 अप्रैल तक रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर, डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर और 9 से 18 अप्रैल तक गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर ट्रेन की सुविधा यात्रियों को मिलेगी।



### इन ट्रेनों का रहेगा स्टॉपेज

बताया जा रहा है कि जिन ट्रेनों के ठहराव की सुविधा दी जा रही है, उनमें बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस शामिल है। यह ट्रेन डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में 21.56 बजे पहुंचकर 21.58 बजे रवाना होगी। इसी तरह वापसी में यह ट्रेन 5.55 बजे पहुंचकर 5.57 बजे छूटेगी। बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस 21.56 बजे, बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस 5.55 बजे, बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस 12.19 बजे, चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस 10.33 बजे और बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस 14.41 बजे डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। इसी तरह पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस 12.15 बजे, रायपुर-सिंकदराबाद एक्सप्रेस 18.34 बजे और सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस 10.46 बजे डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

## हर वोटर तक पहुंचने की कवायद, दोनों प्रत्याशी रोजाना कर रहे दो दर्जन गांव का दौरा

# एमपी से महाराष्ट्र बार्डर तक फैला लोस क्षेत्र, एक पखवाड़े में ढाई हजार गांव तक पहुंचने की चुनौती

*“प्रदेश की हाई प्रोफाईल सीट में शामिल राजनांदगांव लोकसभा का रण जीतना आसान नहीं है। मध्यप्रदेश से लेकर महाराष्ट्र बार्डर को छूने वाले इस लोकसभा क्षेत्र में कई अड़चने प्रचार के बीच में आती है। वनांचल के नक्सल प्रभावित गांव से लेकर दूर-दराज में बसी आबादी तक चुनाव के दौरान पहुंच पाना चुनौतीपूर्ण काम रहता है। यही कारण है कि लोकसभा क्षेत्र के ढाई हजार से अधिक गांव में अपनी दस्तक देने के लिए दोनों प्रत्याशियों ने भी पूरा जोर लगा दिया है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के साथ ही भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे रोजाना दो दर्जन से अधिक गांव तक पहुंचकर अपनी बातें पहुंचा रहे हैं। अब देखना यह होगा कि कौन सा नेता अपनी बातें अधिक लोगों तक पहुंचा पाता है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दूसरे चरण के चुनाव में शामिल राजनांदगांव सीट में अब मतदान को लेकर उल्टी गिनती शुरू हो गई है। 26 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले अब गिनती के दिन ही प्रचार को लेकर शेष रह गए हैं। इनमें भी नवरात्र, रामनवमी, हनुमान जयंती और ईद जैसे त्यौहारों के चलते बहुत कम दिन ही नेताओं को जनता के पास सीधे पहुंचने का मिलने वाला है।

यही कारण है कि जितने दिन मिल रहे हैं, उनका पूरा लाभ दोनों ही प्रमुख दलों के नेता चाहते हैं। कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेश बघेल और भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे रोजाना दो दर्जन गांव का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान वे किसी भी गांव में अधिक समय नहीं रूक रहे, लेकिन हर गांव में कुछ मिनटों के अपने दौरे में ही अधिक से अधिक बातें पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

## 24 अप्रैल तक जारी रहेगा प्रचार का शोरगुल, 26 अप्रैल को मतदान





**सोशल मीडिया को बनाया हथियारः** लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं तक सीधे पहुंचना नेताओं के लिए संभव नहीं होता, ऐसे में अब सोशल मीडिया को प्रत्याशियों ने अपना हथियार बना लिया है। अपनी बातें रोजाना दोनों ही प्रत्याशी वीडियो, फोटो के जरिये इन सोशल मीडिया प्लेटफार्म के सहारे मतदाताओं तक पहुंचाने में जुट गए हैं। दोनों ही दलों ने इस काम के लिए बकायदा टीमें बना रखी है। जिनका काम दिनभर सोशल मीडिया में प्रत्याशी के लिए वोट मांगना है।

**आज नाम वापसी का अंतिम दिनः** इधर चुनाव में नामांकन दाखिल करने वाले 19 अभ्यर्थियों के पास अपना नाम वापस लेने का आज अंतिम मौका है। आज दोपहर तीन बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया जारी रहेगी। इसके बाद शेष अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह का वितरण कर दिया जाएगा। आज के बाद ही भाजपा-कांग्रेस के अलावा अन्य प्रत्याशी भी अपना प्रचार करते लोकसभा क्षेत्र में दिखाई देंगे।


### जहां सिर्फ कार्यकर्ता ही पहुंचे

मोहला-मानपुर से लेकर पंडरिया, कवर्धा और खैरागढ़ विधानसभा के कई ऐसे गांव हैं, जहां पहुंचना नेताओं के लिए कठिनाईयों से भरा होता है। यही कारण है कि इन गांव तक पार्टी के कार्यकर्ता ही पहुंचकर वोट मांगने का काम करते रहे हैं। ऐसे गांव में मोहला-मानपुर जिले के विचारपुर, कोरचाटोला, बंजारी, औंधी का नवागांव, मिसपरी, रामगढ़, पार्डी शामिल हैं।

### चार जिलों में 26 सौ गांव

राजनांदगांव लोकसभा सीट में कुल चार जिले शामिल हैं। इनमें मोहला-मानपुर, राजनांदगांव, खैरागढ़ और कवर्धा जिला शामिल है। इन चारों जिलों को मिलाकर कुल 2655 गांव है। जिसमें अविभाजित राजनांदगांव जिले में 1649 और कवर्धा में 1006 गांव शामिल हैं। ऐसे में हर गांव तक पहुंचना प्रत्याशियों के लिए संभव नहीं होता। ऐसे में नेता भी अपना दौरा इस तरह से बना रहे हैं कि उन गांव में पहुंचा जाए, जहां की आबादी अधिक है और वहां तक पहुंचना भी आसान हो।

# नवरात्र पर्व के लिए सजा बाजार खरीदी शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी दिनों में नवरात्र पर्व को लेकर जहां मंदिर एवं घरों में शक्ति की देवी मां दुर्गा उपासना की व्यापक तैयारियां की जा रही है। वहीं बाजार में जोत कलश सहित अन्य पूजा सामग्रियों की दुकानें सज चुकी है। जिसकी खरीदी भी शुरू कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि चल रहे अप्रैल माह के 9 तारीख से शक्ति की देवी मां दुर्गा की उपासना का पर्व नवरात्र प्रारंभ हो रहा है। समीप पर्व को देखते हुए जहां मंदिरों में रंग-रोगन एवं सजावट का कार्य किया जा रहा है। वहीं ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाने की भी तैयारी है। घरों में भी लोग श्रद्धाभक्ति के साथ नवरात्र पर्व मनाने की तैयारियां शुरू कर चुके हैं।

### गर्मी में मटकी-सुराही की बढ़ी मांग

इधर बढती हुई गर्मी के चलते भी बाजार में मिट्टी के बने सुराही एवं मटकों की दुकानें सजी हुई है। जिसकी भी मांग लोगों के बीच है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी दिनों में उक्त सामग्रियों की मांग और भी बढ़ेगी। वहीं नवरात्र पर बाजार में चहल-पहल बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

### बेहतर व्यवसाय की संभावना

इधर शहर के बाजार में नवरात्र पर्व संबंधी पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है। गोल बाजार से लेकर महावीर चौक से जयस्तंभ तक इन दिनों मिट्टी के जोत-जंवारे हेतु पात्र एवं कलश, छोटे-बड़े दीये इत्यादी की दुकानें सजी हुई। जिनकी लोगों ने पूर्व से ही खरीदी शुरू कर दी है। इसके साथ ही 9 अप्रैल से ही हिन्दू नववर्ष प्रारंभ हो रहा है, जिसे लेकर भी लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी है। कलश-मटकी इत्यादी के विक्रेताओं ने बताया कि इस वर्ष बेहतर व्यवसाय होने की संभावना है।

# डिक्की से नकदी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** मोपेड की डिक्की में रखे नगदी रकम की चोरी के मामले की जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी सुरेन्द्र इंदुरकर 35 साल, जो थाना चौक डोंगरगढ़ स्थित कक्कड़ बजाज शो-रूम में मैनेजर के पद पर काम करता है, 6 अप्रैल को लगभग 3 बजे किस्त में मिले पैसे नगदी रकम 65700 रुपए को अपने एविएटर स्कूटी के डिक्की में रखकर शो-रूम से प्लेटिना वाहन का डेमो दिखाने बोरतलाब बाजार चला गया था, जहां से वापस आकर देखा तो स्कूटी की डिक्की खुली हुई थी तथा डिक्की में रखे नगदी रकम 65700 रुपए डिक्की में नहीं था। शो-रूम में काम करने वाले स्टाफ से पूछताछ किया, कोई पता नहीं चलने पर घटना के संबंध में अपने सेठ को बताकर 7 अप्रैल को घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना डोंगरगढ़ में धारा- 379 भादवि पंजीबद्ध किया गया था।

### नगदी रकम बरामद

संदेही आरोपी अखिलेश टेम्भुरकर 30 साल साकिन कालकापारा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, जो डिक्की से पैसा चोरी करना एवं चोरी किए पैसा को घर अंदर कमरा में गद्दे के अंदर छिपाकर रखना बताया। चोरी किए नगदी रकम 65,700 रु. को निकालकर पेश करने पर जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

# अवैध रूप से शराब परिवहन का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से बाईक एवं 48 पौवा शराब बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक जिले में आगामी लोकसभा चुनाव एवं लागू आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। उसी क्रम में 1 अप्रैल को बाटगांव निवासी आरोपी मनमोहन गेन्द्रे के कब्जे से जमीन में गाड़कर रखे करीब 60 लीटर गोवा स्पेशल व्हिस्की शराब को जब्त कर आरोपी मनमोहन गेन्द्रे के साथ-साथ उक्त बरामद शराब के परिवहन में संलिप्त व्यक्ति कुंदन चौधरी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। जिसमे आरोपी कुंदन चौधरी फरार चल रहा था। सायबर सेल राजनांदगांव की मदद से थाना घुमका पुलिस द्वारा आज 7 अप्रैल को आरोपी कुंदन चौधरी को गिरफ्तार कर रिमांड हेतु माननीय न्यायालय पेश किया गया है। साथ ही प्रकरण में शराब परिवहन में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल के साथ ही आरोपी के कब्जे से 48 पौवा देशी प्लेन कीमती 4500 रुपए को जब्त किया गया है।

### माय एंगल




NEET एवं JEE एक जुनून है और GOAL इसकी शुरूआत!
GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute
Admission Open
FOUNDATION
9th | 10th | 11th | 12th for Board, NEET / JEE
Classes Starts on 08, 12, 15 & 19 April 2024
SUMMER COURSE
11th & 12th Board with NEET / JEE
Classes Starts on 15th April
DROPPER BATCH
NEET / JEE 2025
Registration Open
FEATURES
BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826942595 0788-4064100
RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
• एक्सीडेंट
• जहर का सेवन
• लीवर फेलयर
• किडनी फेलयर
• हार्ट अटैक
• ब्रेन हेमरेज
• पीलिया • लकवा
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• बच्चेदानी का ऑपरेशन
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
• गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
• नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

JOHN DEERE
आया है राजा !
अब नए अवतार में
5 साल की वारंटी
अधिकृत विक्रेता : जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
शाखा - जी. ई. रोड राजनांदगांव, मेन रोड अं. चौकी
मो. 9977184777, 8120006476, सर्विस - 8120006480, 8120001601

## खबर संक्षेप



### शराब कोचिया पकड़ाया

**घुमका।** पुलिस की लगातार कार्रवाई से शराब कोचियों में हड़कंप मचा हुआ है। कार्रवाई की कड़ी में पुलिस ने ग्राम विजयतला के बालमुकुंद उर्फ पप्पू निर्मलकर को 3. 240 लीटर देसी प्लेन मदिरा विक्रय करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी बालमुकुंद उर्फ पप्पू निर्मलकर क्रे खिलाफ आबकारी अधिनियम 34 (1) ब के तहत जुर्म किया है।

### धोधा में श्रीमद भागवत कथा 13 तक



**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत धोधा में श्रीमद भागवत भक्ति ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम आगामी 13 अप्रैल तक चलेगा। स्थानीय एवं आसपास के ग्रामीण पहुंचकर कथा का रस पान कर रहे है। कथावाचक पं. सुशील राधेय कोगिया खुर्द प्रतिदिन कथा का वाचन कर रहे हैं। परायणकर्ता पं. सुनील मिश्रा, ग्रामाचार्य पं. तीरथ प्रसाद मिश्रा हैं। यह आयोजन सावंत वर्मा, उनकी पत्नी जलतीन वर्मा एवं पुत्र मनोज वर्मा ने किया है।

### शिक्षक ने बच्चों के साथ बांटा खुशियां, दिया न्यौता भोज



**छुईखदान।** प्राथमिक शाला भदेरा में गत दिनों न्यौता भोज आयोजित किया गया। यह आयोजन सहायक शिक्षक रामेश्वर सिंह शांडिल्य ने अपनी शादी के उपलक्ष्य में किया था। इस आयोजन में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों सहित राजूदास मानिकपुरी, लोचनराम जंघेल, बाबूलाल सोरी, चिंताराम धुर्वे आदि शामिल हुए। सभी बच्चों को खीर, पुड़ी, पनीर मटर, गोभी आलू, आचार, रायता, भाजिया, केला, अंगूर, हलवा आदि परोसा गया। कार्यक्रम में पन्नालाल जंघेल, सुमित्रा कामड़े, रामभरोसा मरावी, दयाल दास जंघेल, राजकुमार मसखरे, डोमन लाल साहू, संजीव ध्रुव, तिजेंद्र जंघेल, राकेश ठाकुर आदि शामिल हुए।

### उल्लास से मनाया जाएगा नव वर्ष


**सड़क अतरिया।** ग्रामीण क्षेत्र में मंगलवार को हिन्दू नव वर्ष उल्लास से मनाया जाएगा। सड़क अतरिया, जंगलपुर, जीराटोला आदि गांव में पर्व मनाने तैयारी की जा रही है। नर्मदा में हिन्दू युवा संगठन द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाला जाएगा। नर्मदा मंदिर परिसर को भगवा तोरण, पताका एवं ध्वज से सजाया जा रहा है। इसी प्रकार हिन्दू युवा मंच गंडई द्वारा आगामी मंगलवार को हिन्दू नववर्ष के मौके पर बाइक रैली निकाला जाएगा। मंगलवार को सुबह 10 बजे राम मंदिर प्रांगण पंडरिया से बाइक रैली निकलेगी जो पंडरिया, बैराभाटा, मेन चौक गंडई, देऊर मंदिर होते हुए चकनार, नर्मदा पहुंचेगी जहां उसका समापन होगा।

## निधन

### दशोदियाबाई

**डोंगरगढ़।** शहर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के उपाध्यक्ष चंद्रेश साहू की माता दशोदिया साहू का मतिष्क घात के कारण निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार छीरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर सामाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया।

# बड़े बाबा के दरबार कल पहुंचे भावी जैनाचार्य, पदारोहण 16 को



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- जैन संतों का कुंडलपुर पहुंचना निरंतर जारी

जैन संत विद्यासागर जी महाराज की समाधि होने के बाद निर्यापक श्रमण मुनि श्री समय सागर जी महाराज आचार्य पद संभालेंगे । भावी आचार्य आगामी 9 अप्रैल को सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर पहुंचने वाले हैं, जहाँ आगामी 16 अप्रैल को आचार्य पदारोहण होने वाला है।


मप्र के दमोह जिला स्थित सिद्ध तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर आने वाली 16 तारीख को जैन समाज में करीब 51 साल बढ़ा बदलाव होने वाला हैं। यहां होने वाले ऐतिहासिक कार्यक्रम में निर्यापक मुनि श्री समय सागर जी महाराज देश के सबसे बड़े जैन मुनि संघ का आचार्य पद संभालेंगे। उल्लेखनीय है कि जैन धर्म के सबसे बड़े संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की 17 फ़रवरी की मध्य रात्रि के बाद राज्य के पहले जैन तीर्थ चन्द्रगिरी में सल्लेखना पूर्वक समाधि हो गई थी। समाधि के पूर्व उन्होंने अन्न जल के अलावा आचार्य पद का त्याग कर दिया था। उन्होंने यह पद अपने प्रथम शिष्य निर्यापक मुनि श्री समय सागर जी महाराज को सौंपने की मंशा जाहिर किया था। आचार्य श्री की मंशा के अनुरूप आगामी 16 अप्रैल को तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर में सैकड़ो शिष्यों और देशभर के अनुयायियों की मौजूदगी में होने वाले समारोह में नए आचार्य का पदारोहण होगा।

### काफी प्रसिद्ध है कुंडलपुर

दमोह जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर की दूरी पर सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर हैं। यहां पद्मासन मुद्रा में बड़े बाबा (भगवान आदिनाथ) की एक प्रतिमा है। यहां आलौकिक 6 * मंदिर हैं जो करीब आठवीं-नौवीं शताब्दी के बताए जाते हैं। यह क्षेत्र 2500 साल पुराना है। कुण्डलपुर जी सिद्ध क्षेत्र अंतिम श्रुत केवली श्रीधर केवली की मोक्ष स्थली है। कुंडलपुर सिद्ध क्षेत्र प्राचीन मंदिरों का गढ़ है। यहां लगभग 2400 वर्ष पुराने श्रीधर केवली के चरण विराजमान हैं। पहाड़ एवं तलहटी में लगभग 500 वर्ष पूर्व के 63 जिन मंदिर हैं, जिनमे पार्श्वनाथ भगवान और चंद्रप्रभु भगवान के दर्शन बहुतायत मिलते हैं। यहां आस-पास के क्षेत्र में गुप्तकाल की प्रतिमाओं का भी उल्लेख है। सबसे ऊपर बड़े बाबा श्री 1008 आदिनाथ भगवान का लगभग 1500 वर्ष पुराना मंदिर है।

### अतिशय की सबसे बड़ी घटना

बताया जाता है कि कुंडलपुर क्षेत्र में अतिशय कारी बड़ी घटना भी हो चुकी है। यहां मूर्ति पूजा विरोधी औरंगजेब अपनी सेना लेकर पहाड़ पर चढ़ गया था और उसने बड़ेबाबा की प्रतिमा को खंडित करने का असफल प्रयास किया। जैसे ही उसने प्रतिमा के दाहिने पैर के अंगूठे पर तलवार का वार किया तो दूध की धार निकल पड़ी। उसे जान बचाकर भागना पड़ गया था। इसी दौरान मधुमक्खियों ने उस पर और उसकी सेना पर आक्रमण कर दिया। बड़े बाबा के दाहिने पैर के अंगूठे का निशान और मधुमक्खियों के शांत और व्यवस्थित छत्ते अब भी विद्यमान हैं।



## जल मिशन योजना भी कारगार साबित नहीं हो रही

# गर्मी आते ही गहराया जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुढ़ीपार

गर्मी के तेज होने के पहले ही खैरगढ़ ब्लाक के ग्राम मुढ़ीपार में जल संकट गहराने लगा है। यहां के ग्रामीणों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। वर्तमान समस्या को देखते हुए कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में गंभीर जल संकट से जूझना पड़ सकता है।

ग्राम के वार्ड 12, 16 और 17 में पानी की समस्या बनी हुई है। वार्ड के टाकेश्वर यादव, दुलीचंद जैन, जसराज जैन, रामबिहारी साहू, कोल्हू यादव, चैनसिंग गोंड, पलटन गोंड, कान्हून गोंड, मुक्तियार यादव, बहल साहू, गणेश साहू, बलाकरण साहू, सोहन पटेल, भागचंद यादव, प्रीतम यादव, सतीश साहू ने बताया इस वार्ड में वर्षों से पानी की समस्या है। जल समस्या को लेकर सरपंच कुमारी बाई घनश्याम सिन्हा को सूचना देने पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीण आक्रोशित है। वार्डवासियों ने बताया कि दो-तीन दिनों में पानी की समस्या का समाधान नही हुआ तो कलेक्टर से शिकायत किया जाएगा।

### गांवों में नल तो लगे पर पानी नहीं आता, टंकी बढ़ा रही शोभा



### बिल ले रहे पर नहीं मिलता पानी

ग्रामीणों ने बताया कि उनके घर में लगे नल में बूंद भर भी पानी नही आता है फिर भी पंचायत को प्रत्येक माह बिल भुगतान कर रहे है। नल बंद और चालू करने के लिए आपरेटर रखा गया है जो केवल बंद चालू करता है। कहां पानी पहुंच रहा या नहीं पहुंच रहा यह नहीं देखता। कर्मी की लापरवाही के कारण पानी की सप्लाई ठीक से नहीं रही है।

### अमृत मिशन का लाभ नहीं

छह हजार आबादी वाले इस गाँव में अमृत मिशन योजना के तहत नल कनेक्शन लगाकर छोड़ दिया गया है। एक साल बीत जाने के बाद भी नल से पानी आना चालू नहीं हुआ है। ग्राम में तीन पानी टंकी है जिसमे से एक टंकी अमृत मिशन के तहत एक लाख बीस हजार लीटर क्षमता की है जिसके निर्माण में लेटलतीफी किया जा रहा है जिसके कारण पेयजल समस्या बनी हुई है।

# बिजली कटौती से सिंचाई प्रभावित, सूख रही फसल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

अंचल में इन दिनों मनमाने तरीके से बिजली कटौती होने से किसान हलकान हो गए है। स्थिति यह है कि किसान अपने खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे है जिससे रवि फ़सल तेज गर्मी और पानी की कमी के कारण झुलसने लगी है।

खेतों में दरारें आने लगी है। फसल के बर्बाद होने से किसान बहुत परेशान है। उल्लेखनीय है कि किसानों ने खेतों में धान और मक्का लगाया है जो पानी की कमी से सूखने लगी है। किसानों का कहना है कि पर्याप्त बिजली मुहैया नहीं कराया गया तो पूरी फसल तबाह हो जाएगी।

बिजली की कटौती से परेशान शिकारीटोला, राघोटोला, ढाढूटोला, तोंयागोंदी, चिखली, खुर्सीपार, जादूटोला, मांझीटोला, बिटाल, गर्रापार, थैलीटोला, जोरातराई, कोटरा, गुंडरदही, कुल्हाड़ी, किलारगोंदी, तेलीटोला, ब्राह्मण भेडी आदि गांव के ग्रामीणों ने रायशुमारी कर बिजली कटौती बंद नहीं होने पर ऑफिस का घेराव और चक्का जाम करने का निर्णय लिया है।

# कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

वार्ड 15 की गीता मानिकपुरी के निवास पर भाजपा का 45 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, हरविंदर सिंह मगे, अमित छाबड़ा, संतोष राव, परविंदर सिंह मोंटी, ज्योति बड़वाइक, मीना यादव, गीता मानिकपुरी, श्याम सुंदर नरेडी, विक्की भाटिया, रामकुमार डडसेना, अजय शर्मा, तानुदास मानिकपुरी, राजकुमार साहू, लक्ष्मी मानिकपुरी, सुशीला साहू, कंचन साहू, दश्मत सिन्हा, सेवती मानिकपुरी, जुलेखा बेगम, ठगिया उइके, हिरोंदी बाई, शंकुतला सिन्हा, रामबाई यादव, दुर्गा यादव, जेंतरी मंडावी, छाया सिरसाम, रेणुका सिरसाम, मंगतीनं बाई, श्याम बाई यादव, जानकी साहू, सुलोचना नाने, उमा नाने, हनीफा बेगम, तिजिया सिन्हा उपस्थित थे।

### वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान

भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर संस्थापक श्यामाप्रासाद मुखर्जी, प.दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद पवन मेश्राम, तुलसी मिश्रा, संतोष राव, अमित छाबड़ा, विजेंद्र सिंह ठाकुर, महेंद्र अग्रवाल, प्रकाश बिंदल, परविंदर सिंह मोंटी, वीरेंद्र सोनी, राम कुमार, मोहन कोटले, रघुनाथ गजेंद्र, ललित शर्मा, शिवा यादव, श्यामसुंदर नरेडी, बलविंदर विक्की, गिरीश साहू, सावन टेंभुरकर, मीना यादव, शुभम परिहार, ऋषभ डकहा, गीता मानिकपुरी, सुशीला साहू, सुरेश मरकाम, अजय शर्मा आदि ने स्थापना दिवस मनाया। तत्पश्चात भाजपा के संस्थापक सदस्य प्रदीप बाघ, हरविंदर सिंह मंगे का शाल श्री फल भेंट कर दलित नेता पवन मेश्राम, अमित छाबड़ा, संतोष राव, प्रिंस कक्कड़ ने स्वागत किया। वरिष्ठ नेता महेंद्र अग्रवाल एवं तुलसी मिश्रा का महेंद्र अग्रवाल के ऑफिस में शाल श्रीफल से स्वागत किया गया। इसी प्रकार संस्थापक सदस्य धनीराम तराने, कैलाश तिवारी, वीरेंद्र जैन, रविंद्र सिंग का उनके निवास में स्वागत किया गया। बछेराभाठा के वृद्धाश्रम एवं छात्रावास में फल एवं मिठाई वितरण किया गया।

### लोधी परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व सीएम



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी एवं उनके परिजनों से मिलने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उनके निवास पहुंचे। परिवार के सबसे वरिष्ठ सदस्य सीपरराम लोधी लंबे समय से कांग्रेस में अपनी सेवाएं देते आए हैं उन्होंने पूर्व सांसद शिवेंद्र बहादुर के साथ काम किया था। श्री बघेल के साथ विधायक दलेश्वर साहू, हर्षिता बघेल, जिला अध्यक्ष भागवत साहू, गुलाब वर्मा, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, मदन साहू, जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह, संध्या देशपाण्डे, पंकज बांधवा, निखिल द्विवेदी, ब्लाक अध्यक्ष हीरा सोनी, ब्लाक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, शहर अध्यक्ष विजयराज सिंह, रमेश उइके, गोविंद टंडन, शिशुपाल पाल आदि भी पहुंचे थे।

# सामाजिक मजबूती के लिए बचाकर रखें संस्कृति : कमल

## श्रद्धा के साथ मनाया गया कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

तहसील साहू संघ, नगर साहू संघ एवं ग्राम साहू समाज मटिया के तत्वावधान में समाज की कुलदेवी भक्त माता कर्मा की जयंती श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक भोलाराम साहू, जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू, पूर्व जिला महामंत्री अमरनाथ साहू, नीरा साहू, शैलेंद्र साहू, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू , नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष संध्या साहू, पार्षद रुक्मणी साहू, डिकेश साहू, कौशलराम साहू शामिल हुए। कार्यक्रम में पीडी साहू, मोहनीश साहू जनपद सभापति, भुवाल साहू, डां नरेंद्र साहू, अंजोर साहू, महेश्वर साहू भी मौजूद थे।

उक्त मौके पर जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू ने कहा कि समाज मजबूत तब होगा जब हम अपनी संस्कृति को बचाए रखें। जिला साहू संघ की उपाध्यक्ष नीरा साहू ने समाज से महिलाओं को आगे लाने का आव्हान किया। पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू ने माता कर्मा के जीवन, संघर्ष और उनके भक्ति मार्ग को आत्मसात करने कहा। नपं की पूर्व अध्यक्ष संध्या साहू, पार्षद डिकेश साहू, रुक्मणी साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत कर्मा मंदिर में पूजा अर्चना किया गया। शोभायात्रा मटिया वार्ड का भ्रमण करते हुए पुराना बस स्टैंड, राजीव गांधी चौक, साकेत धाम होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची।

शोभायात्रा में अमरनाथ साहू, शैलेन्द्र साहू, तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू, सचिव धनराज साहू, कोषाध्यक्ष रामप्रकाश साहू, नगर अध्यक्ष कौशल साहू, सचिव नारायण साहू, नामदेव साहू, पुरुषोत्तम साहू, लविंद्र साव, पुरुषोत्तम साहू, धर्मेंद्र साहू, इन्दु साहू, एलन साहू, पूर्णिमा साहू, जागेश्वर साहू, गिरधर साहू, विसनाथ साहू, लोकेश साहू, महेंद्र साहू, मोहनीश आदि सम्मिलित हुए।



### वरिष्ठों का सम्मान

कार्यक्रम मे समाज के वरिष्ठों व प्रतिभावान छात्र छात्राओ को सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण का पठन नामदेव साहू, कौशल कुमार व हेमंत साहू ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन नगर सचिव नारायण साहू, पुरुषोत्तम साहू ने किया। संचालन लविंद्र साव, धनराज साहू एवं एनडी साहू ने किया।

## नियमित हनुमान चालीसा के पठन का आह्वान

# सुंदरकांड के पाठ से जुड़ रहे सभी लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

धर्मयात्रा 97 वां पड़ाव गत दिनों पंडरिया जंगलपुर पहुंचा। यहां वर्षों से विराजित पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने विशाल वटवृक्ष के नीचे सामूहिक सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां शामिल हुईं। धर्मयात्रा के मुख्य पाठकर्ता भागवत सिंह ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में धर्म को नहीं छोड़ना चाहिए। सामूहिक सुंदरकांड के इस पाठ के माध्यम से हिंदू समाज एक सूत्र में बंध रहा है। उन्होंने सनातनियों से पंचमुखी हनुमान मंदिर के समक्ष हर हफ़्ते सामूहिक पाठ करने का अनुरोध किया। पाठ में ज्योति जंघेल, सुरेंद्र जंघेल, श्रवण जंघेल, मेहताराम जंघेल, संतोष जंघेल, टीकम जंघेल, नारायण जंघेल, भागवतराम जंघेल, विष्णु राम जंघेल, इजुराम जंघेल, भुखन जंघेल सहित अन्य शामिल हुए।

### राम, ललित के भजनों ने बहाई भक्ति की धारा

धर्मयात्रा में ख्यातिलब्ध कलाकार राम भवसार व ललित राजवंशी ने सुमधुर भजनों से भक्ति की अविरल धारा बहा दी। जिसमें छन्नू दास मानिक पूरी सहित अन्य साथियों ने वाद्य यंत्रों के माध्यम से भागीदारी निभाई।



### धर्मयात्रा से धर्म जनजागरण का वृहद उद्देश्य जुड़ा

धर्मयात्रा का निरंतर संयोजन कर रही जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष आदित्य देव वैष्णव ने धर्मयात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि तीर्थाटन कॉरिडोर के सार्थक विचार को लेकर धर्मयात्रा निकली थी। और धीरे धीरे धर्म जनजागरण का वृहद उद्देश्य जुड़ चुका है।

### किया भव्य स्वागत

पंडरिया पहुंचने पर धर्मयात्रा का ग्रामीणों ने स्वागत किया। ग्राम के मुख्य चौक राम नाम जपते हुए धर्म यात्रा में शामिल लोगों ने ग्राम प्रवेश किया। सभी धर्मयात्रियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। धर्मयात्रा के 97 वें पड़ाव में मुकेश वैष्णव, पिंटू सेन, बंटी भालेकर, राजीव चंद्राकर, अजय शर्मा, पीयूष महोबिया, विजय दुबे, गौतम सेन, अपुर्व भद्र, डब्बू लाला, नारद चौबे, अशोक चंद्राकर सहित अन्य शामिल हुए।

### रमन ने दिया था गरीबों को चावल



**डोंगरगढ़।** जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने चुनावी सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा गरीबो को 35 किलो चावल देने के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है।उन्होंने बताया कि प्रदेश में जब डॉ रमन सिंह की सरकार थी तब गरीबों को 35 किलो चावल देने की शुरूवात की गई थी। इस कार्य के लिए डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने राज्य को पुरस्कृत किया था। उन्होंने कहा कि वनांचल के लोग भोले जरूर है लेकिन वह किसी झूठ के बहकावे में आने वाले नहीं है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082


## खबर संक्षेप



### भाजपा कार्यालय का शुभारंभ

**लालबहादुर नगर।** भाजपा का स्थापना दिवस के मौके पर लाल बहादुर नगर मंडल कार्यालय का लोकसभा चुनाव कार्यालय उदघाटन किया गया। इस दौरान लोकसभा समन्वयक खूबचंद पारख, पूर्व विधायक खेदूराम साहू, भरतलाल वर्मा, दिनेश गांधी, चन्द्रिका ड़डसेना, कोमल सिंह राजपूत, मूलचंद लोधी, बोधीराम साहू, रामाधीन देवांगन, गिरवर साहू, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, देवेंद्र साहू, वेदराम ताम्रकार, किरण साहू, वर्षा गेड़ाम, चंद्रकुमार देवांगन, तमेश्वर साहू, रामकुमार ठाकुर, देवेंद्र साहू, भोज वर्मा, देवेंद्र यादव, अशोक वर्मा, घनश्याम वैष्णव, राजकुमार ताम्रकार, अवध साहू, मुकेश साहू, संदीप सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

### विंध्यवासिनी मंदिर में जलेगी ज्योत



**मुढीपार।** कोपेनवागांव में स्थित मां विंध्यवासिनी के मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष सुखदास वर्मा, मार्गदर्शक दयालराम वर्मा, सचिव घनाराम वर्मा ने बताया कि 9 अप्रैल को ज्योति कलश की स्थापना होगी। आगामी 13 अप्रैल को पंचमी अभिषेक होगा। आगामी 16 अप्रैल को अष्टमी हवन पूजन किया जाएगा। इसी दिन शाम को ज्योति कलशों का विसर्जन होगा।

### सांसद पांडे ने किया जनसंपर्क



**घुमका।** भाजपा उम्मीदवार संतोष पांडे ने रविवार क़ो ग्राम सहित सलोनी, मुड़पार, उपरवाह, कलडबरी, खैरझिटी, तिलई, पदुमतरा, डोम्हाटोला, धोराभाँठा, डुमरडीह कला, विचारपुर, चारभाँठा गातापार कला का दौरा कर जनसभाओं को संबोधित किया। इस अवसर पऱ भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी क़े साथ सांसद पांडे का स्वागत किया। लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पऱ जनपद सदस्य दिलीप पटेल, पंच रूपनारायण साहू के नेतृत्व में उप सरपंच राजेश वर्मा, विक्रम वर्मा, पंच दिलेश्वर वर्मा सिहत 25 अन्य ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। जिनका सांसद पांडे ने स्वागत किया। इस अवसर पर राजेश श्यामकर, राम जी भारती, विनोद खांडेकर, प्रतीक्षा भंडारी, राजेश्वरी साहू, जागेश्वर साहू, ललित साहू, परदेसी सोनबोइर, अजयसिंह, अनिल सिंह, नोमेश वर्मा, जनक साहू, संतराम नागपुरे, रेखराम साहू, नरेंद्र वर्मा, प्रमोद दुबे आदि उपस्थित थे।

## समर्थ अभियान के तहत किया यातायात शिविर

# 57 का स्वास्थ्य और 42 वाहन चालकों का किया नेत्र परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

समर्थ अभियान अंतर्गत फतेह सिंह मैदान में जिले के सभी स्कूलों के बस, ऑटो, वेन चालकों का स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण सहित वाहनों का भौतिक सत्यापन साथ दस्तावेज चेक किया गया। स्वास्थ्य विभाग के डॉ विनय रामटेके नेत्र चिकित्सक छुईखदान, डॉ पूर्णिमा चंदेल खैरागढ़ व उनकी टीम द्वारा वाहन चालकों का स्वास्थ्य साथ नेत्र परीक्षण किया गया।

सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन का पालन करने स्कूल संचालकों व वाहन चालकों को वाहन मे आवश्यक सुरक्षा उपकरण रखने, चालकों को निर्धारित ड्रेसकोड में रहने निर्देश दिया गया। शिविर मे डॉक्टरों द्वारा 57 वाहन चालकों का स्वास्थ्य और 42 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। साथ ही 47 वाहन चालकों का बीमा व लाइसेंस दुरुस्ती की प्रक्रिया की गई।

40 वाहन चालकों के शिविर में नंबर प्लेट नहीं होने से मौके पर ही उनके नंबर प्लेट पर नंबर लिखवाया गया। एएसपी ने शिविर में आए सभी स्कूल के वाहनों भौतिक निरीक्षण कर उनमें पाई गई कमियों को तत्काल दूर कर बच्चों को सुरक्षित घर से लाने ले जाने की जिम्मेदारी का निर्वहन करने ड्राइवर को आवश्यक समझाइश दिया गया। शिविर अवलोकन बाद एसपी ने वाहन चालकों को यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने, दुर्घटना रहित वाहन चलाने का निर्देश दिया साथ ही वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार का नशा करने से बचने कहा। यातायात नियमों का पालन नहीं करने से होने वाले हानि के बारे में बताकर बच्चों के साथ बेहतर व्यवहार करने और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार पर पोक्सो एक्ट के कड़े कानून की जानकारी साथ उन्हें समझाइश दिया।



### बारिकी से जांच की गई

यातायात शिविर मे वेसलियन, नीरज माइल स्टोन, एनबीआईएस स्कूल के वाहन चालकों सहित अन्य ऑटो या अन्य वाहन जिनमें स्कूली बच्चों को लाने ले जाने का काम किया जाता है ऐसे वाहनों की बारीकी से जांच की गई। पुलिस अधीक्षक व यातायात प्रभारी ने आम नागरिकों से अपील की है की यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले, स्टंट करने वाले, एक्सीडेंट कर भागने वाले वाहन चालकों के संबंध में कोई भी शिकायत करने या जानकारी देने कंट्रोल रूम के नंबर 9479247401 पर तत्काल सूचना दे। यातायात के नियमों का पालन कर अपने और अपने परिवार साथ दूसरे के परिवार को भी सुरक्षित रखते हुए समर्थ अभियान में अपना सहयोग दे।

# चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट, ली दुकानदारों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- बैठक में दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

चैत्र नवरात्रि पर्व को देखते हुए लॉज संचालकों, मेला पार्किंग एवं दुकानदारों का थाना डोंगरगढ़ में मीटिंग ली गई। इस दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश पुलिस द्वारा दी गई।

चैत्र नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए लोकसभा चुनाव-2024 आदर्श अचार संहिता प्रभावशील होने से 5 अप्रैल को थाना डोंगरगढ़ में एसडीओपी आशिष कुंजाम, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, नायब तहसीलदार विजय साहू, यातायात प्रभारी निरीक्षक लोकश कुमार कसेर एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ सीआर चंद्रा द्वारा डोंगरगढ़ क्षेत्र के होटल, लॉज संचालकों, मेला पार्किंग वालों एवं मेला में दुकान लगाने वाले दुकानदारों की बैठक आयोजित किया गया।

### संदिग्ध लगने पर दें सूचना

साथ ही होटल, ढाबा एवं लॉज संचालकों, कर्मचारियों को नियमों का पालन करते होटल, ढाबा एवं लॉज में आने व ठहरने वाले व्यक्तियों का पूर्ण पता, पहचान पत्र सहित आने-जाने एवं ठहरने के कारण सहित जानकारी रखने एवं रजिस्टर में इंद्राज करने के साथ ही संदिग्ध लगने पर तत्काल थाना को सूचना देने हेतु समझाईस दिया गया है। होटल, ढाबा एवं लॉज में लगे खराब सीसीटीवी कैमरा को तत्काल ठीक करवाने हेतु निर्देशित किया गया व आगामी लोकसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहित प्रभावशील होने से शांति व्यवस्था बनाने की अपील की गई है।

### सीसीटीवी कैमरा लगाने निर्देश

इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई एवं चर्चा के दौरान मीटिंग में उपस्थित होटल व लॉज संचालकों, मेला पार्किंग व्यवस्था वालों एवं मेला में दुकान लगाने वाले दुकानदारों से सुझाव प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जिसमें पार्किंग व्यवस्था हेतु नगर पालिका परिषद के अनुसार राशि तय कर पार्किंग स्थल में रेट लिस्ट बोर्ड लगाने, रसीद देने, पार्किंग स्थल में सीसीटीवी कैमरा लगाने, पार्किंग स्थल पर संचालक का नाम व नंबर लेख करने, किसी भी दर्शनार्थी से पार्किंग के नाम पर निर्धारित राशि से ज्यादा अवैध वसूली नहीं करने संबंधी समझाईस दिया गया है।

# कांग्रेस भवन से हटे मोदी, साय और पांडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- कांग्रेस भवन का नहीं खुला ताला
- दीवार से जरूर हटाया गया पोस्टर

हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद रविवार को भी कांग्रेस भवन का ताला तो नहीं खुला किन्तु दीवार पर नजर आ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णदेव साय और सांसद संतोष पांडे जरूर हट गए है। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि में रविवार को लोकसभा चुनाव के दौर में कांग्रेस भवन के लगातार बंद रहने का लेकर विस्तृत खबर प्रकाशित हुई थी। खबर में इस बात का भी खुलासा किया गया था कि कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के हाथों लोकार्पित कांग्रेस भवन में चुनावी दौर जारी रहने के बाद भी ताला लटका हुआ है। भवन के सामने की दीवार में भाजपा का पोस्टर लगा हुआ है जिसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और सांसद दिखाई दे रहे हैं। इस खबर के बाद निष्ठावान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी तीखी प्रतिक्रिया देखा गया और लोग पदाधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाते नजर आए। खबर प्रकाशित होने के बाद भी रविवार को कांग्रेस भवन में ताला लटका रहा किन्तु इतना जरूर हुआ कि दीवार पर लगे भाजपा के पोस्टर को निकाल दिया गया।



### मोहला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**मोहला।** लोकसभा निर्वाचन के दौरान शत-प्रतिशत नागरिकों की मतदान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत मोहला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जनपद पंचायत मोहला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती केशवरी देवांगन ने बताया कि ग्राम पंचायत मोहला के सभी वार्डों में लाउडस्पीकर के माध्यम से नागरिकों को मतदान का महत्व बताया जा रहा है। विभिन्न वार्डो में महिला समूह के माध्यम से मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जागरूकता रैली, रंगोली प्रतियोगिता के जरिये लोकतंत्र के महापर्व में देश की मजबूती के लिए एक एक वोट के महत्व को रेखांकित किया जा रहा है।

# लोकसभा चुनाव के कार्यों के लिए योजना बनाकर उसे पूरा करने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को जीत दिलाने के लिए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने गत दिनों लोकसभा चुनाव कार्यालय में विधानसभा स्तरीय कोर कमेटी व प्रबंधन समिति की मैराथन बैठक ली। उन्होंने पार्टी द्वारा निर्धारित 36 समितियों के प्रभारियों से चर्चा कर समितियों के कार्य को विस्तारपूर्वक समझाया और आगामी चुनाव के कार्यों के लिए योजना बनाकर उसे पूरा करने का आह्वान किया।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार बैठक में पूर्व सांसद श्री सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर लोगों को दिग्भ्रमित करने का आरोप लगाते कहा कि हकीकत में बघेल चुनाव मैदान से डरकर भाग रहे हैं। उनके चुनाव अभियान स्थिति इतनी लचर कि वे अपने जनसंपर्क के दौरान किसी भी गांव में आधे घंटे का समय भी नहीं दे रहे हैं। उनके चुनावी दौरे में एक गांव



के लिए बमुश्किल से 10 मिनट का भी समय नहीं है, जहां वे जाते हैं, स्वयं ही दो-चार बातें बोलकर आगे बढ़ रहे हैं। कांग्रेस के किसी कार्यकर्ता को अपनी सभा में बोलने का मौका तक नहीं देते, क्योंकि उन्हें दाऊ का जिन्न परेशान किए हुए है। बैठक के प्रारंभ में लोकसभा चुनाव के संयोजक मधुसूदन यादव ने बैठक की विषय वस्तु से अवगत कराया। वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, सुरेश एच. लाल, संतोष अग्रवाल, सुरेश डुलानी, कोमल सिंह राजपूत, राजेन्द्र गोलछा, राजेश श्यामकर, अशोक देवांगन, लीलाधर साहू, तरूण लहरवानी, हर्ष रामटेके, रोहित चंद्राकर, पारूल जैन, आभा तिवारी, देवकुमारी साहू, मधु बैद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# फूलोदेवी ने महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को किया चार्ज

- बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छग प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने शनिवार को राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में आकर महिला कांग्रेस की आवश्यक बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

छग प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव कुसुम दुबे ने बताया कि महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के चुनाव प्रचार को महिला कांग्रेस की सहभागिता के साथ तेज करने राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में अपने दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचकर महिला कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

श्रीमती नेताम ने भाजपा सरकार की 10 वर्षीय नाकामी की पोल खोलते कहा कि राज्य सरकार पहले कैबिनेट के निर्णय अनुसार प्रधानमंत्री आवास का एक रुपए भी छग की जनता को नहीं दे पाई है। उज्जवला गैस योजना के नाम पर केंद्र सरकार ने जो महिलाओं के साथ छल किया है। जिसके चलते 4.13 करोड़ उज्जवला हितग्राहियों ने कभी रिफ्लिंग नहीं कराई और 7.16 करोड लोगों ने मात्र एक बार ही रिफिलिंग कराया है, यह राज्यसभा में दिए गए सरकारी आंकड़े हैं, इससे यह साबित होता है कि भाजपा सरकार योजना के नाम पर महिलाओं के साथ सिर्फ छल किया है।

बैठक को संबोधित करते राजनांदगांव प्रभारी प्रतिमा चंदाकर ने भाजपा सरकार की असफलता गिनाई। महापौर एवं प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष हेमा देशमुख ने महालक्ष्मी योजना के बारे में विस्तार से बताते इस योजना का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं को दिलाने का संकल्प दिलाया। बैठक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, महामंत्री डॉ. रूबीना अल्वी, सचिव कुसुम दुबे, प्रज्ञा गुप्ता, खैरुन्निषा, रोशनी सिन्हा, शहर अध्यक्ष माया शर्मा, दुलारी साहू, ब्लॉक अध्यक्ष रीना पटेल, प्रतिमा बंजारे, सावित्री श्रीवास्तव, निखत परवीन, फराह खान सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लोकसभा प्रेक्षक से शिकायत, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव लोकसभा वार रूम प्रभारी जितेन्द्र मुदलियार और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व लोकसभा मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने दस्तावेजी प्रमाण सहित लोकसभा प्रेक्षक शशि रंजन के समक्ष शिकायत करते कार्रवाई की मांग की।

मीडिया प्रभारी श्री दुबे और वाररूम प्रभारी श्री मुदलियार ने प्रेक्षक को अवगत कराते बताया कि भाजपा लगातार स्वस्थ लोकतंत्र में शांतिपूर्ण निर्वाचन को अपने दुष्कृत के माध्यम से दूषित करने का खेल खेल रही है। साथ ही राजनांदगांव के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे लगातार अपने चुनाव में भाषणों में सनातन धर्म एवं हिंदुत्व की बातें कर आपसी भाईचारा में शत्रुता फैलाने का कार्य निरंतर कर रहे हैं और तो और प्रदेश भाजपा आईटी सेल लगातार राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के व्यक्तित्व को विकृत करते अनर्गल चित्रमय पोस्ट सोशल मीडिया में पोस्ट कर रहे हैं। जिससे प्रदेश के कांग्रेसजनों एवं आम जनता की भावनाएं आहत हो रही है।



### पोस्ट में अपशब्दों का प्रयोग करने का आरोप

उन्होंने बताया कि भाजपा आईटी सेल द्वारा पोस्ट में भूपेश बघेल के हाथ में कटीले हथियार पकड़ाकर एवं एक के द्वारा वोट दे रे जैसे अपशब्दों का प्रयोग करते चित्र पोस्ट किए हैं। इसमें राम मंदिर के निमंत्रण ठुकराने का भी उल्लेख है, जो घोर आपत्तिजनक है। इसी तरह संतोष पांडे द्वारा अं. चौकी क्षेत्र में सार्वजनिक सभा को संबोधित करते भूपेश बघेल को हिंदुत्व विरोधी एवं धर्मविरोधी बताते वक्तव्य दिए हैं। जिससे वनांचल क्षेत्र की जनता की भावनाएं आहत हुई है। इस अवसर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष एनी मखीजा पूर्व पार्षद अजय राजपूत सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### स्थापना दिवस पर 14 को भंडारा

**राजनांदगांव।** सांई दर्शन नगर राजनांदगांव स्थित सांई बाबा मंदिर का 10वां स्थापना दिवस 14 अप्रैल को भव्य रूप से मनाने की तैयारी चल रही है। सांई बाबा मंदिर के ट्रस्टियों ने बताया कि स्थापना दिवस को सांई महोत्सव के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसमें सुबह 5.30 बजे सांई बाबा की काकड़ आरती के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। तत्पश्चात सुबह 7 बजे सांई बाबा का अभिषेक-पूजा, दोपहर 12.30 बजे सांई बाबा की मध्यान्ह आरती व दोपहर 1 से 4 बजे तक सांई प्रसाद (भंडारा) होगा। संध्या 5 बजे सांई बाबा की पालकी सांई मंदिर स्थित द्वारिकमाई से धूमधाम से निकाली जाएगी, जो सांई दर्शन नगर, लक्ष्मी नगर, जीवन कालोनी होते हुए वापस सांई मंदिर आएगी।

# सर्व साहू समाज में आर्थिक जागृति और भाईचारा की आवश्यकता है



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

दुबेलिया साहू समाज ब्लॉक इकाई द्वारा ग्राम कौड़िया मे होली मिलन व सन्त माता कर्मा की जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। माता कर्मा के तैल चित्र पर दीप प्रज्वालन बाद कलश यात्रा निकालकर गांव में भ्रमण किया गया। होली मिलन कार्यक्रम बाद अध्यक्ष की अनुमति से सामाजिक चर्चा भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं सभापति विप्लव साहू ने कहा संत माता कर्मा का पूरा जीवन सामाजिक कुरीतियों और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करने में बीता, उनके इस इतिहास को छिपाया गया है। वास्तविक अध्ययन, चिंतन-मनन करते हुए अगर हमने माता कर्मा के चरित्र को भी उतार लिया तो जीवन सार्थक हो सकता है। सर्व साहू समाज में विचार और कार्य प्रणाली के साथ आर्थिक और सामाजिक सुधार की आवश्यकता है। इस दौरान रेखचंद साहू अध्यक्ष, हरिराम साहू प्रमुख संरक्षक, रसीद लाल साहू पसंरक्षक, जगत साहू कोषाध्यक्ष, बसंत साहू सचिव, पुनीत साहू, भुवन साहू, गणेशू साहू, समय साहू, जीवन साहू, ईश्वर साहू, तिजऊ साहू, हीरावन साहू, किसन साहू, परमानन्द साहू, कन्हैया साहू, चंद्रेश साहू, कुंजलाल साहू, रामेश्वर साहू, खेमू साहू, डॉ हरक लाल साहू, प्रमोद साहू सहित कौड़िया के सभी स्वजातीय बंधु और माता-बहन बड़ी संख्या में समाज के सभी पदाधिकारी युवा प्रकोष्ठ और महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### द्वितीय प्रशिक्षण 10 को

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुगम संचालन हेतु ईव्हीएम मशीन की कमिशनिंग का द्वितीय प्रशिक्षण 10 अप्रैल को सुबह 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स तथा विधानसभा स्तरीय सेक्टर ऑफिसर को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक लखोली, तहसील जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// सीमांकन सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक/201 /प्रवा./तह./ 2024 राजनांदगांव दिनांक 27/02/2024 के अनुसार आवेदक अहमद रजा पि. रियाज अहमद निवासी जूनी हटरी, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा ग्राम लखोली प.ह.नं. 42 रा.नि.मं. लखोली, तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 391/6, 392/3, 392/1, 392/14, 392/15 रकबा क्रमशः 0.040, 0.093, 0.076, 0.097, 0.101 हे. भूमि का सीमांकन कार्य गठित दल द्वारा दिनांक 10/04/2024 दिन बुधवार समय 12.00 बजे से किया जाना है।

अतः आवेदक एवं अन्य हितबद्ध पक्षकार अपने-अपने भूमि स्वत्व संबंधी दस्तावेज सहित मौके पर उपस्थित होवें।

जारी दिनांक : 04/04/2024

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. लखोली

## व्यय प्रेक्षक ने व्यय दलों की बैठक ली, व्यय में रखें पैनी नजर

# सजगता और समन्वय से कार्य करें: व्यय प्रेक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6 राजनांदगांव के अंतर्गत जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में निर्वाचन के दौरान निर्वाचन व्यय से संबंधित टीम और अधिकारीयों की बैठक व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने जिला कार्यालय मोहला के सभाकक्ष में ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी सजकता और समन्वय से कार्य करते हुए निर्वाचन व्यय पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई करें और जिला कार्यालय राजनांदगांव व निर्वाचन आयोग रायपुर को सूचना जरूर देवें। उन्होंने निर्वाचन व्यय पर निगरानी रखने के लिए गठित टीम में वीडियो सर्विलेंस टीम, उड़न दस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो अवलोकन दल, लेखादल, पुलिस विभाग, आयकर विभाग, आबकारी विभाग से कहा कि सभी टीम पारदर्शी एवं निष्पक्षता पूर्वक कार्य करते हुए निर्वाचन कार्य को संपन्न कराएं। बैठक में उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का शतप्रतिशत पालन करना सुनिश्चित करें। निर्वाचन के दौरान सभी प्रकार के प्रतिबंधित गतिविधियों पर नजर रखने, अवैध वस्तुओं और सामग्रियों के परिवहन पर कार्यवाही करने, नगदी, सामग्री, शराब के परिवहन होने की दशा में बिना समय गवायें तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आम जनता से प्राप्त शिकायतों पर भी तत्काल कार्रवाई किया जाए। निर्वाचन के दौरान प्रतिदिन की लेखा पंजी संधारित करने और प्रतिदिन की दैनिक कार्यवाही से निर्वाचन आयोग को सूचित करने कहा गया है। किसी प्रकार की समस्या आने पर उनसे व्यक्तिगत संपर्क कर, निर्वाचन व्यय से संबंधित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी विजेंद्र सिंह पाटले ने निर्वाचन की घोषणा तिथि से अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी से अवगत कराया। बैठक में एसडीएम मोहला डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, उप पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर वासनिक, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## सार समाचार

### पांडे आज मानपुर व नांदगांव ग्रामीण क्षेत्र में



**राजनांदगांव।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे का धुंआधार जनसंपर्क पूरे संसदीय क्षेत्र में जारी है। कल 8 अप्रैल को वे मानपुर व राजनांदगांव ग्रामीण क्षेत्रों के व्यापक दौरे पर रहेंगे। इस दौरान उनके द्वारा अनेक स्थानों पर सभाएं ली जाएगी। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री पांडे मोहला-मानपुर जिले में अपने अभियान की शुरूआत खड़गांव से करेंगे। इसके बाद श्री पांडे ग्राम बोरिया, दिघवाडी, वासड़ी, घोटिया, ढोंढरी, भावसा, भर्रीटोला, कलडबरी, नेड़गांव, जबकसा, कंदाडी, सीतागांव तथा औंधी में जनसंपर्क करेंगे। तत्पश्चात वे दोपहर 4 बजे राजनांदगांव पहुंचकर होटल अमोरा (रेवाडीह) में जिला कृषि सामग्री विक्रेताओ के होली मिलन समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद श्री पांडे ग्रामीण क्षेत्र के सिंघोला, मुड़पार, सुरगी, मोखला व भर्रेगांव में जनसम्पर्क कर सभाओं को संबोधित करेंगे।

सीईओ ने नए मतदाताओं का तिलक लगाकर किया स्वागत

### नए मतदाताओं को मतदान करने किया प्रेरित



**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुरूचि सिंह छुरिया विकासखंड के ग्राम गुंडरदेही, पतोरा, कलडबरी, आमाकट्टा, गोडलवाही में स्वीप अंतर्गत आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल हुई। सीईओ सुश्री सिंह ने ग्रामीणों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व संबंध में जानकारी देते कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं, हमारा कर्तव्य भी है। उन्होंने ग्रामीण मतदाताओं को मतदान तिथि 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग करने प्रोत्साहित किया। सीईओ ने पहली बार मतदान करने वाले नए मतदाता प्रियंका एवं अनामिका मालेकर को तिलक और पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया तथा मतदान करने प्रेरित किया। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए बिहान की स्वसहायता समूह की महिलाओं, स्वच्छता दीदियों, ग्रामीणों, अधिकारी, कर्मचारी, सचिव, रोजगार सहायक को मतदान करने की शपथ दिलाई। इस दौरान स्वीप टीम को स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली, रंगोली व मेहंदी, नारा लेखन सहित अन्य गतिविधियां आयोजित कर ग्रामीणों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने कहा।



**राजनांदगांव।** राजस्थानी मारवाड़ी समाज द्वारा श्रद्धा, भक्ति-भाव से घर-घर में पूजी जा रही है गणगौर।

### एनबीआईएस में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी निःशुल्क



**राजनांदगांव।** एनबीआईएस बोरी स्कूल में उच्च कक्षाओं में विज्ञान संकाय (बायोलाजी, मैथ्स) तथा कॉमर्स संकाय की कक्षाएं संचालित की जा रही है। जिसमें विषय अनुरूप शहर के श्रेष्ठ शिक्षकों का मार्गदर्शन छात्रों को मिल रहा है। संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने बताया कि इस वर्ष इन्हीं विषय विशेषज्ञों द्वारा स्कूल की पढ़ाई के उपरांत एक्स्ट्रा क्लासेस द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की पढ़ाई भी पालकों के आग्रह पर कराने की विशेष व्यवस्था की जा रही है। जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं की इच्छा रखने वाले सीमित छात्रों की क्लास बनाकर एक्स्ट्रा क्लासेस में निःशुल्क मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिससे बच्चों को दूसरे शहरों में जाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने से निजात मिलेगी। 11वीं एवं 12वीं के छात्रों को जेईईए नीट हेतु मैथ्स विषय के लिए दिलीप चोपड़ा, केमेस्ट्री हेतु डॉ. इतेश जंघेल व स्नेहा जोगी, बायो हेतु हार्दिक ठक्कर, फिजिक्स हेतु परिवेश जैन तथा सीए फाउंडेशन परीक्षाओं की भी तैयारी हेतु दीपेश पटेल, हितेश रायचा, स्नेहा अल्लेपा, प्रतीक रहनडाले द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। शाला में नए सत्र से कक्षा 9वीं एवं 10वीं के बच्चों को मैथ्स एवं साइंस के विषय विशेषज्ञों अमान सिद्दिकी, मनीष देवांगन, दक्षा जोबनपुत्रा, स्वप्निल तिवारी, प्रियांश सोनी की देखरेख में काम्पिटिटिव एक्जाम की तैयारी हेतु बेसिक फाउंडेशन कोर्स कराया जाएगा। एनबीआईएस में आधुनिकता को देखते शारीरिक तथा मानसिक रूप से एनबीआईएस की मेस सुविधा को पालकों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। जीपीएस एवं कैमरे मॉनिटरिंग सुविधा के साथ बच्चों को बसों से सुरक्षित लाने-ले-जाने की व्यवस्था की गई है। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में नए सत्र 2024-25 में पालको के विशेष आग्रह पर डोंगरगांव तथा डोंगरगढ़ से बोरी स्कूल हेतु सीधे बस की सुविधा दी जा रही है। डोंगरगांव से बस अपने नियत समय से सीधे अर्जुनी, रामपुर, घोरदा होते हुए बोरी स्कूल आएगी। वहीं डोंगरगढ़ से बस मुसरा, भनपुरी, सुकुलदैहान, धर्मापुर व डिलापहरी होते एनबीआईएस बोरी स्कूल पहुंचाई जाएगी।

### जयनारायण वर्मा का निधन



**राजनांदगांव।** शहर के सोनारपारा निवासी जयनारायण वर्मा 65 वर्ष बैहर वाले का 7 अप्रैल को निधन हो गया। वे श्रेयश व सौरभ के पिता थे। वे अपनी पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा निजी निवास से कल 8 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे मुक्तिधाम लखोली के लिए निकाली जाएगी।

## कलेक्टर ने स्वीप महोत्सव में सभी को मतदाता जागरूकता की दिलाई शपथ

# मानव श्रृंखला के जरिये शत-प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वीप महोत्सव में विशाल मानव श्रृंखला के माध्यम से वोट राजनांदगांव 26 अप्रैल 2024 बनाकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित स्वीप महोत्सव में अभूतपूर्व उत्साह के साथ नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुरूचि सिंह, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे उपस्थित थे।

स्वीप महोत्सव में युवाओं एवं बिहान समूह की महिलाओं ने मतदाताओं को जागरूक करने ऊर्जा एवं उत्साह के साथ बहुत अच्छी प्रस्तुति दी। युवाओं ने म्युजिकल कॉन्सर्ट द्वारा स्वीप एवं देश भक्तिपूर्ण गीतों से समा बांधे रखा। वहीं रैप सांग ने सब का दिल जीत लिया। राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागी खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा रोप स्कीपिंग किया तथा कमला कॉलेज एवं दिग्विजय कॉलेज के युवाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। बिहान समूह की महिलाओं द्वारा सुआ गीत में बहुत अच्छा नृत्य प्रस्तुत कर मतदान के दिन सभी कार्य छोड़कर सबसे पहले मतदान करने प्रेरित किया गया। स्वीप सेल्फी जोन बनाया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साह के साथ सेल्फी ली और 26 अप्रैल को मतदान करने आह्वान किया।






### उत्साह के साथ मनाए लोकतंत्र का पर्व - कलेक्टर

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि हमारे देश में सभी पर्व बहुत उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है। ऐसे ही चुनाव एक राष्ट्रीय पर्व है, इसे हमें खुशी एवं उत्साह के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि प्रत्येक मतदाता जिनका मतदाता सूची में नाम दर्ज है, वे मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि यहां से प्रेरणा लेकर अन्य 10-10 लोगों को मतदान करने प्रोत्साहित करें और उन्हें अन्य 10-10 लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने कहा।

### शत-प्रतिशत हो मतदान

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने कहा कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हम अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने देश को आगे बढ़ाने में सहभागिता देंगे। मतदान के लिए हम एक-दूसरे को प्रेरित करेंगे तो निश्चित तौर पर शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप रश्मि सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी, महाविद्यालय के विद्यार्थी, खिलाड़ी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, बिहान समूह की महिलाएं, स्वच्छता दीदी तथा नागरिकगण उपस्थित थे। स्वीप महोत्सव कार्यक्रम का संचालन एपीसी प्रणिता शर्मा और मनोज मरकाम ने किया।

### 9 को निकलेगी बाइक रैली

**राजनांदगांव।** श्री रामनवमी शोभायात्रा समिति द्वारा गत दिनों माहेश्वरी भवन रामाधीन मार्ग में बैठक आयोजित कर हर्षोल्लास के साथ हिन्दू नववर्ष और रामनवमी मनाने का निर्णय लिया।

आगामी 9 अप्रैल को बाइक रैली शहर में भ्रमण करते समस्त सनातनियों को हिंदू नववर्ष की बधाई देगी। 18 अप्रैल को भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में समिति द्वारा कई कार्यक्रम रखे गए है। शोभायात्रा में विशेष आकर्षण का केंद्र अखाड़ा, आदिवासी नृत्य, महिलाओं की झांझ पार्टी, बैंड, छोटे-छोटे बच्चों द्वारा विभिन्न देवी-देवताओं के रूप में झांकी, श्री रामदरबार की झांकी और सजीव श्रीराम परिवार आकर्षण का केंद्र रहेगा। बैठक में नंदूराम साहू, अरुण गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, प्रशांत दुबे, अनूप श्रीवास, त्रिगुण सादानी, जुगल शर्मा, शैलेश मेश्राम बाबा, नवीन अग्रवाल, लाल मुनाई सिंह, राहुल मिश्रा, विद्या उपाध्याय, अंजली वाडेकर, ममता सेन, संगीता शुक्ला, राजु तंवर, पवन डागा, प्रिंस हाथीबेड़, राहुल ताम्रकार, राजू डागा, अंकित खंडेलवाल, संदीप शुक्ला, कमलेश साहू, गीतेश गुप्ता, सोनू परिहार, पूर्णिमा साहू, नेहा साहू, मंजुबा कनदे, लक्ष्मी शर्मा, पुष्पलता सेन, भावेश बुद्धदेव, लिलेश निषाद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## झूलेलाल जयंती पर आज से विविध आयोजन

■ बहराणा साहेब की होगी पूजा

**राजनांदगांव।** नगर के सिंधी समाज द्वारा आगामी 10 अप्रैल को झूलेलाल जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा। कल 8 से 10 अप्रैल तक सिंधी समाज में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा नगर में स्कूटर रैली, शोभायात्रा एवं भजन-कीर्तन के साथ अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पूज्य सिंधी पंचायत झूलेलाल नगर के मीडिया प्रभारी एवं समाज के प्रवक्ता अशोक पंजवानी ने बताया कि कल 8 अप्रैल को सुबह 10 बजे झूलेलाल मंदिर झूलेलाल नगर में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष ब्रह्मानंद बजाज, लोकचंद लहरवानी की उपस्थिति में बहराणा साहेब की पूजा की जाएगी एवं झूलेलाल मंदिर हेमू काल्याणी नगर सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नुमल मोटलानी, आवतराम तेजवानी, अर्जुनदास पंजवानी की उपस्थिति में बहराणा साहेब की पूजा की जाएगी। पाठ साहब का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन 9 अप्रैल को शाम 5 को बाइक रैली निकाली जाएगी। बाईक रैली झूलेलाल मंदिर लालबाग से निकलकर अनुपम नगर, गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, इमाम चौक, जीई रोड, गुड़ाखू लाइन, आजाद चौक, भारत माता चौक, सदर बाजार, बांसपाई पारा, इंदिरा नगर चौक होते हुए झूलेलाल नगर झूलेलाल मंदिर पहुंचेगी। शाम 7 बजे झूलेलाल नगर में एक शाम झूलेलाल के नाम भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। आगामी 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे लालबाग झूलेलाल मंदिर से युवाओं द्वारा बाइक रैली निकाली जाएगी, जो गुरुद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, इमाम चौक, जीई रोड, गुड़ाखू लाइन, आजाद चौक, भारत माता चौक, सदर बाजार, हीरामोती लाइन, बांसपाई पारा, इंदिरा नगर चौक से होते हुए झूलेलाल मंदिर पहुंचेगी। दोपहर 01 बजे झूलेलाल मंदिर झूलेलाल नगर में झूलेलाल भगवान की महाआरती एवं शाम 4 बजे झूलेलाल नगर से झूलेलाल भगवान की गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।



## दिव्यांगजनों ने शत-प्रतिशत मतदान करने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न संस्थाओं द्वारा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल रश्मि सिंह स्वीप कार्यक्रम के तहत अभिलाषा दिव्यांग केन्द्र पहुंचकर दिव्यांगजनों से मतदान के महत्व के संबंध में चर्चा की।

उन्होंने सभी को 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने तथा अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों को शत-प्रतिशत मतदान प्रेरित करने कहा। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि मतदान केन्द्रों में दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था की गई है। दिव्यांगजनों को मतदान करने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। उन्होंने संस्था के सभी दिव्यांगजनों को अपने पालक एवं रिश्तेदारों को पत्र लिखकर लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के रूप में अपना योगदान देने आग्रह किया। इस दौरान सभी ने दिव्यांगजनों के साथ शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर श्री ठाकुर, परियोजना अधिकारी साक्षरता रश्मि सिंह, जिला स्वीप टीम से मनोज मरकाम, बुद्धप्रकाश गायकवाड़, श्री रावटे, श्री नंदनवार, मनोज चौबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस के चुनावी घोषणा-पत्र में कोई दम नहीं : संतोष पांडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने आज डोंगरगढ़ में विधानसभा क्षेत्र के दो दर्जन गांव का दौरा करते अनेक स्थानों पर आयोजित सभा में कहा कि कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में कोई दम नहीं है, यह झूठ का पुलिंदा मात्र है, इसमे किए वायदों से कोई वर्ग भी प्रभावित होने वाला नहीं हैं, क्योंकि इसके पहले भी कांग्रेस ने चुनाव जीतने घोषणाएं की थी और सत्ता में आने के बाद उनकी सारी घोषणाएं दूर की कौड़ी साबित हुई। श्री पांडे ने आज अपना जनसंपर्क अभियान ग्राम गातापार से प्रारंभ कर ग्राम टेमरी, गाढ़ाघाट, चंगुर्दा, बैगाटोला, इटार, बरबसपुर, पाड़ादाह, पिपलाकछार, घुमका, सलौनी, मुड़पार, ऊपरवाह, कलडबरी, खैरझिटी, तिलई पहुंचे, जहां उनका स्वागत किया गया।

श्री पांडे ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 12 करोड़ से अधिक छोटे व मंझोले किसानों के खाते में 6 हजार रुपए किसान सम्मान निधि भेज रहे हैं। किसानों की प्रमुख फसलों को एमएसपी के आधार पर रिकार्ड खरीदी की जा रही है। कृषि उपकरणों में सब्सिडी को बढ़ाया गया है, इतना ही नहीं, बल्कि उर्वरक के दाम न बढ़े इसके लिए व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। किसानों के लिए बिजली की समुचित व्यवस्था की गई है। बजट में कृषि को प्रधानता दी गई। इस दौरान रामजी भारती, विनोद खांडेकर, भागवतशरण सिंह, शशिकांत दिवेदी, राजेश श्यामकर, बिसेसर साहू, राजीव चंद्राकार, उत्तम दसारिया, नोमेश वर्मा, प्रतीक्षा भंडारी, जागेश्वर साहू, किरण बारले, रामकुमार वर्मा, महेश यादव, मलिखम कोसरे, गोपी साहू, शशांक साहू, नरोत्तम सिन्हा, ज्ञानदास बंजारे, कमलेश सिंह भदौरिया, डॉ. बिसेसर साहू, टिलेश्वर साहू, खुमान देशलहरे, गौश मोहम्मद, संजय यदु, वंदना, संतोष देवांगन, शिवमयोगी, सन्नी यदु, राजीव चंद्राकार, खुमान साहू, सुनील जैन, संतोष कर्ष, करिया साव, टोपसिंह राजपूत, मोना सिंह, राहुल देवांगन, जवरीलाल जैन, डॉ. सिन्हा, गणेश पटेल, मानिक यदु, महेश, राकेश गुप्ता, लक्ष्मीचंद आहूजा, हर्ष वर्मा, रामेश्वर रामटेके सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## महिला ब्राम्हण समाज का घर-घर गीता अभियान

**राजनांदगांव।** छग सरयूपारीण महिला ब्राम्हण समाज व राष्ट्रीय सनातन धर्म महासभा के जिला सचिव वंदना तिवारी ने शनिवार को महिला ब्राम्हण समाज की बैठक ली। जिसमें उन्होंने सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए घर-घर गीता, हर घर गीता अभियान चलाने की पहल की।

उन्होंने समाज के सदस्यों से आग्रह किया कि श्रीमद्भागवत गीता के महत्व को हमें भी समझना है और सनातनी लोगों को गीता के महत्व को समझने हेतु जागरूक करना है। शास्त्रों के अवलोकन और महापुरूषों के वचनों को सुनकर वे इस अभियान के लिए प्रेरित है। संसार में श्रीमद्भागवत गीता के समान कल्याणकारी कोई ग्रंथ नहीं है। गीता में ज्ञान योग, ध्यान योग, कर्मयोग, भक्ति योग आदि जितने भी साधन बताए गए हैं, उनमें से कोई भी साधन अपनी श्रद्धा, रूचि और योग्यता के अनुसार करने से मनुष्य का शीघ्र कल्याण हो सकता है। उपयुक्त साधनों तथा परमात्मा तत्व-रहस्य को जानने महापुरूषों और उनके अभाव में उच्च कोटि के साधनों का श्रद्धा प्रेमपूर्वक संगत करने की विशेष चेष्टा रखते गीता का अर्थ और भाव सहित मनन करने तथा उसके अनुसार अपना जीवन बनाने प्राण पर्यन्त प्रयत्न करना चाहिए। इस अभियान जुड़कर कार्य करने हेतु ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष शकुन तिवारी, प्रभा शुक्ला, अर्चना शुक्ला, मंजू मिश्रा, मिथलेश शर्मा, किरण तिवारी, रमा तिवारी, प्रीति तिवारी, ममता द्विवेदी, कल्पना पाण्डेय सहित समाज की अन्य महिलाएं बैठक में उपस्थित थी।



### 10 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार चैती चांद के उपलक्ष्य में 10 अप्रैल को निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना करने के निर्देश दिए हैं। समस्त स्वच्छता निरीक्षक आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें और अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।




## तीन दर्जन कांग्रेस नेताओं के घर पहुंचे पूर्व सीएम भूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजनांदगांव शहर के दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न धार्मिक स्थलों पर जाकर अपने लिए आशीर्वाद मांगा। वहीं राजनांदगांव शहर के कांग्रेसी नेताओं के घर पहुंचकर उनसे भेंट-मुलाकात की।

रविवार सुबह से देर रात तक आयोजित अपने इस दौरा कार्यक्रम की शुरूआत भूपेश बघेल ने शहर के स्टेशन रोड स्थित वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च से की। भूपेश बघेल ने यहां आयोजित प्रार्थना सभा में शिरकत की और समाज के लोगों से अपनी जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। इसके बाद वे राजनांदगांव महापौर हेमा देशमुख के निवास पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। वहीं भूपेश बघेल ने युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के निवास पहुंचकर उनसे भेंट-मुलाकात की। वहीं डॉ. रुबीना अंजुम अल्वी के निवास पहुंचकर उनसे चर्चा की।



### बन रहा कांग्रेस के पक्ष में वातावरण - भूपेश

भूपेश बघेल ने राजनांदगांव शहर के कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के निवास पहुंचकर उनसे राजनीतिक सहित पारिवारिक चर्चा भी की। इस दौरान भूपेश बघेल ने कहा कि हमें सबका आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो शुरू से कांग्रेस का झंडा उठाए हैं, उनके घर जाने का अवसर मुझे मिला है, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव शहर में कांग्रेस के पक्ष में धीरे-धीरे वातावरण बन रहा है।

### रोजा इफ्तार कार्यक्रम में हुए शामिल

पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने नगर निगम क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित लोगों के निवास में जाकर उनसे सौजन्य भेंट की। इस दौरान विभिन्न धार्मिक, सामाजिक स्थलों पर पहुंचकर उन्होंने समाज के लोगों से आशीर्वाद मांगा है। अपने इस दौरा कार्यक्रम के तहत भूपेश बघेल मां पाताल भैरवी मंदिर, गोल बाजार मस्जिद में रोजा इफ्तार कार्यक्रम में शामिल होते हुए। आज के इस दौरे का समापन गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेककर देर शाम किया।






बॉलीवुड, छत्तीसगढ़ की लोक पारंपरिक गीत-संगीत के साथ हुआ भोरमदेव महोत्सव का दूसरे दिन का शुभारंभ

# भोरमदेव महोत्सव में इशिता विश्वकर्मा के गीत-संगीत से महफिल सजा मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ की लोक-पारंम्परिक लोकगीत तथा बॉलीवुड की सुपर-डूपर हिन्दी फिल्मों की गाने के साथ जिले में आयोजित भोरमदेव महोत्सव वर्ष 2024 के अंतिम दिवस की संध्या सजी। महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर जनमेजय महोबे सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ विधिवत हुआ।

इस दौरान जिला न्यायधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे भी भोरमदेव महोत्सव में शामिल हुई। छत्तीसगढ़ कबीरधाम की ऐतिहासिक, पुरात्तविक, धार्मिक, पर्यटन और जन आस्था का केन्द्र के नाम से प्रत्येक वर्ष यह आयोजन होते आ रहा है। यह 28वां भोरमदेव महोत्सव के समापन से पूर्व बाबा भोरमदेव मंदिर के शिव जी का विधिवत प्रातः काल महाअभिषेक, एक हजार नामों से सहस्त्रार्चन, रूद्राभिषेक, विशेष श्रृंगार आरती की गई। दूसरे पहर शायं काल में सहस्त्र धारा से महाभिषेक, श्रृंगार महाआरती-भस्म आरती, शिव सरोवर के सामने भगवान वरूण देव का पूजन, दीपदान, गंगा आरती की गई।

**मेला महोत्सव के समापन में सुपर-हिट गीत-संगीत की प्रस्तुति दी**




भोरमदेव महोत्सव के दूसरे दिन बैगा नृत्य के साथ सांस्कृतिक कार्याक्रमों का शुभारंभ हुआ। इसके बाद स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई। कुमार पंडित द्वारा तबला जुगलबंदी की प्रस्तुति देते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इसके बाद सारेगामापा विजेता सिंगर सुश्री इशिता विश्वकर्मा एवं एवं उनकी पूरी टीम की सुपर-हिट गीत संगीत की प्रस्तुति देकर महोत्सव का शमा बांधा।

# लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडेय व विधायक भावना बोहरा का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में राजनांदगांव कवर्धा भाजपा सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय व क्षेत्रीय विधानसभा पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं रामकुमार भट्ट का ग्राम कोलेगांव द्वारा फुल-माला, पटाखे के साथ आत्मीय भव्य स्वागत किया गया। भाजपा सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय एवं विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने श्रीराम-जानकी मंदिर में विधि विधिन से पूजा अर्चनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीमती भावना बोहरा ने सभा को संबोधित करते कहां की लोकसभा चुनाव में संतोष पांडेय को नरेंद्र मोदी द्वारा राजनांदगांव से सांसद प्रत्याशी घोषित किया गया है और अधिक स अधिक प्रचंड मतों से विजयी बनानें अपील की गई। वहीं संतोष पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों में कहीं ना कहीं आवास को लेकर नाराजगी भी दिखाई दिया कई लोगों की आवास नहीं आया, जिस कारण कहीं ना कहीं ग्रामीण जनता नाराज है। जिस पर क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा द्वारा सीधे जनता के बीच जाकर भरोसा जताया तत्काल इस समस्या को सुनते हुए आश्वासन दिया गया जल्द ही आवास जिसका नहीं आया है उसका दूसरे चरण में दिया जाएगा। वहीं कोलेगांव के साथ-साथ खैलटुकरी, रेहुटा, सुरजपुरा, सेमरकोना, धनेली में चुनावी दौराकर कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात किया। इस दौरान सांसद संतोष पांडेय, विधायक भावना बोहरा, रामकुमार भट्ट, मुकेश ठाकुर, रामाधार शर्मा, नर्मदा शर्मा, विनय शर्मा, विकास पांडेय, डॉ संतोष साहू, परमेश्वर साहू, जोतराम साहू, मनहरण साहू, अमन खनूजा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तथा कोलेगांव वासी उपस्थित थे।



## कुण्डा इफ्तार दावत में शामिल हुएः सुरेन्द्र छाबड़ा



**हरिभूमि कुण्डा।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कुण्डा में सुन्नी मुस्लिम जमात द्वारा इफ्तार दावत किया गया। रमजान महीने के 27वीं रोजे के मौके पर ग्राम पंचायत कुण्डा के पूर्व सरपंच सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा शामिल हुए साथ ही साथ शहिल छाबड़ा, उमेश चद्राकर, बाबूलाल रजक, अनुज चंद्राकर, मोहन चंद्राकर सहित ग्राम कुण्डावासी जन शामिल हुए। इफ्तार दावत का आयोजन सुन्नी मुस्लिम जमात कुण्डा द्वारा किया गया, इस कार्यक्रम में मुमताज अहमद, शेख हमीद, याशीन खान, इश्हाक खान, अब्दुल, रफीक खान, अरमान द्वारा किया गया।

# बैंकों में पार्किंग नहीं, सड़क पर वाहन, आवागमन बाधित

**हरिभूमि कवर्धा।** नगर में करीब दो दर्जन बैंक हैं, लेकिन सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं मिल पा रहा है। यहां तक उपभोक्ताओं को अपने वाहन खड़े करने के लिए भी जगह नहीं मिल पा रही है। शहर के अधिकतर बैंक में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इस कारण बैंक में काम कराने आए लोग बाहर सड़क पर ही अपना वाहन खड़ा कर रहें है। इससे आम लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। अभी भी महतारी वंदन योजना के तहत अपने खाते का केवाईसी कराने सबसे ज्यादा महिलाएं आ रहीं है। वहीं जितनी परेशानी लाइन लगाने में नहीं होती, उससे कहीं अधिक वाहन को खड़ा करने और वापस निकालने में होती है। नगर में दर्जनों से अधिक बैंक है जिनमें से बमुश्किल दो से तीन बैंक के पास ही पार्किंग की व्यवस्था है। बाकी बैंक पार्किंग के रूप में सडक का इस्तेमाल कर रहे हैं। दर्री पारा, रायपुर रोड़, बस स्टैण्ड के आसपास सबसे अधिक बैंक है और यहीं परे पार्किंग की समस्या प्रमुख है। पार्किंग अव्यवस्था बैंक उपभोक्ताओं के साथ आम लोगों को भरी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



## श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ व श्रीराम कथा सुनने उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

धर्म नगरी कुण्डा में प्रभात फेरी समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ तथा श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्राम कुण्डा सहित आसपास के क्षेत्रवासियों को चित्रकूट हनुमंत द्वार से पधारे श्री श्री 108 श्री धीरेंद्रचार्य महराज उत्तर प्रदेश द्वारा अद्वितीय कथा रसपान कराया जा है। जिसमें आसपास क्षेत्र के भक्तजन सहित श्रद्धालुओं द्वारा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहें है।

अनंत विभूषित श्री श्री 108 श्री रामानंदचार्य, धीरेंद्रचार्य महाराज हनुमंत द्वार चित्रकॉट उत्तर प्रदेश का भव्य रूप से प्रभात मंडली के द्वारा भजन-कीर्तन के साथ स्वागत कर मंचासीन कराया एवं चरण पादुका के साथ-साथ पूजा अर्चना किया। इस दौरान हजारों की संख्या में ग्रामवासी व क्षेत्रवासी सहित भक्तजनों द्वारा पुष्प-माला से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात महाराज द्वारा चतुर्थ दिवस की बेला में बहुत सुमधुर श्रीराम कथा का रसपान कराया गया एवं गीत संगीत के माध्यम से चतुर्थ दिवस में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का कार्यक्रम को संपन्न किया गया। वहीं इस दौरान राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, मुकेश ठाकुर, महेश्वर साहू, धजाराम चंद्राकर, दिनेश मिश्रा, उमेश चंद्राकर, बाबूलाल रजक, मुमताज अहमद, नाथू यादव, बुधवा साहू, मोहन चंद्राकर, पप्पू यादव सहित बड़ी संख्या में कुण्डा सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# बोड़ला साहू समाज ने धूमधाम से मनाई भक्त माता कर्मा जयंती

## नगर भ्रमण कर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा रैली



■ साहू समाज के पदाधिकारियों की उमड़ी भारी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला स्थित मां शारदा नगर में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। वहीं साहू समाज भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम समाज के प्रबुद्ध व गणमान्य जनों द्वारा जिसमें प्रमुख रूप से नारी शक्तियों का बड़ा योगदान रहा। नगर में भक्त माता कर्मा का भव्य शोभा यात्रा रैली निकाली गई, जिसमे नगर के प्रमुख गली-मोहल्ले व चौक चौराहों नगर भ्रमण किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक साहू, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सावित्री रामचरण साहू अध्यक्ष नगर पंचायत बोड़ला, प्रदेश सचिव साहू समाज छत्तीसगढ़ की गरिमा में उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस दौरान प्रतिभावान छात्र छात्राओं जिसमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं में अच्छा अंकों के साथ उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अशोक साहू एवं श्रीमती सावित्री साहू द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही चिकित्सा जगत में सराहनीय योगदान देने वाले चिकित्सक पैरामेडिकल स्टाफ को भी समाज द्वारा सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य कि कामना की। भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर अशोक साहू ने भक्ति माता कर्मा की तैलचित्र में विधि विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

साहू समाज के समस्त जनों को उद्बोधन स्वरूप समाज को एकता के सूत्र में बांधने एवं हमेशा साहू समाज को एक नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अपने विचार रखें, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र, सामाजिक सेवा, महिलाओं को अग्रणी पंक्ति में लाने की बात हो साहू समाज को हमेशा आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने प्रोत्साहित किया।

साथ ही साथ उन्होंने हर एक समय में समाज के साथ समाज के विचार के साथ अपने सेवा भाव अपने कर्तव्य पद पर अडिग रहने की बात कही। वही नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू ने महिलाओं के सेवा समर्पण एवं महिला सशक्तिकरण पर साहू समाज के महिलाओं को आह्वान किया। समाज की हर एक महिला को समाज के हर एक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए अपने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए एवं नित्य नए कार्य जो समाज के हित में समाज के लोगों के विचारों को उनके संस्कारों से साहू समाज के एक नई पहचान दिलाने के लिए आगे एक साथ पूरी क्षमता के साथ कार्य करने के लिए अपने विचार रखें एवं समाज के लिए हर संभव कार्य करने का विश्वास भी दिलाया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा शानदार मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। मंच का संचालन मिट्ठू साहू ने किया।

इस दौरान जिला साहू, समाज के अति विशिष्ट अतिथि गण, जिला उपाध्यक्ष धरम साहू, नीलकंठ साहू, लालचंद साहू, लालाराम साहू, मोहन साहू, तेजू साहू, नरेश साहू, मुन्ना साहू, मनीसाहू, होली साहू, हेमू साहू, नारायण साहू, राजू साहू, भारत साहू, राजेश साहू, तरुण साहू, सुग्रीव साहू, झाड़ूराम साहू, संतोषी साहू, पार्षद वेदलाल साहू, देवमाती साहू, सरिता साहू, जलेश साहू, पुन्नी साहू, टेकराम साहू, अर्जुन, पार्षद ओमप्रकाश व समाज के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक तथा ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

# अवैध शराब बिक्री के आरोपी चौकी रणवीरपुर पुलिस के चढ़े हत्थे



■ चौकी रणवीरपुर पुलिस टीम की लगातार प्रभावी कार्यवाही।

■ अपराधिक मामलों में अंकुश लगाने दिए आवश्यक निर्देश : एसपी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶रणवीरपुर

रणवीरपुर पुलिस चौंकी टीम नें आबकारी एक्ट एवं अन्य अपराधिक गतिविधियों पर चौकी रणवीपुर थाना लोहारा पुलिस की लगातार प्रभावी कार्यवाही किया। जिसमें अवैध शराब रखकर बिक्री करने ग्राहक तलाश रहे आरोपी को रंगे हाथो धर-दबोचा, जिस पर आरोपी के कब्जे चौंकी रणवीरपुर पुलिस ने 30 पौवा देशी प्लेन शराब किमत 27 सौ रूपए जप्त किया। वहीं छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम की धारा 34, (2) के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को जेल भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा समस्त थाना-चौकी प्रभारी को थाना-चौकी क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब, जुआ, सट्टा पट्टी एंव आबकारी एक्ट व अपराधिक गतिविधियो के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही व अंकुश लगाने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम मे मुखबिर से सूचना मिली की रविवार को ग्राम मगरवाह चौक मे घेराबंदी कर मुखबिर के बताए हुलिया व आरोपी संतोष घोघरे पिता अमरजीत घोघरे आयु 32 वर्ष निवासी डोंगरिया थाना-चौकी रणवीरपुर के कब्जे 30 पौवा देशी मदिरा के साथ मुताबिक जप्ती पत्रक जप्त किया गया।

**हनुमानजी की जीवंत आकर्षक झांकी होगा नववर्ष का मुख्य आकर्षण**

# धर्म नगरी कवर्धा हिंदू नववर्ष की तैयारी में हो रहा भगवा मय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अपनी ऋषि परंपरा, अपनी सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु व युवाओं में अपने नववर्ष के स्वागत हेतु अनवरत कवर्धा की पहचान बन रहें। आयोजन चंद्रप्रकाश चंद्रवशी नें बताया कि हिंदू नववर्ष के स्वागत के लिए उत्साह के साथ तैयारी में लग गए हैं। कवर्धा युवाओं द्वारा प्रतिवर्षोनुसार की भांति इस वर्ष भी हिंदू नववर्ष का आयोजन भव्य उत्साह के साथ किया जाता है, इस वर्ष भी हिंदू नववर्ष को धूमधाम से मनाने के लिए कवर्धा के युवाओं, बुद्धिजीवियों, माताओं बहनों ने निर्णय किया है कि, इस बार भी नववर्ष का स्वागत बड़े ही धूमधाम से किया जाएगा। इस हेतु कवर्धा के विभिन्न चौक-चौराहों में भगवा ध्वज भगवा तोरण से सजाया जा रहा है, वहीं रात्रि कालीन में भी हिंदू युवाओं के द्वारा रात-रात भर कार्य करके भगवा तोरण अपने मोहल्लों में लगाया जा रहा है। हिंदू नववर्ष के स्वागत में इस वर्ष 9 अप्रैल को सुबह मोटर सायकल रैली सनातनी युवाओ का भव्य आयोजन किया जाएगा जो कवर्धा के विभिन्न मोहल्लों से होकर गुजरेगी, हाथ में केसरिया झंडा लिए हुए हिंदू युवा जय श्रीराम के जयघोष के साथ अपने नववर्ष का स्वागत करेंगे। वहीं माताओं-बहनों का स्कूटी रैली का भी आयोजन किया गया है जो सरस्वती शिशु मंदिर से दोपहर 4 बजे निकलेगी, जिसमें माताएं बहने अपने पारंपरिक वेशभूषा में अपनी स्कूटी में निकलकर अपनी संस्कृति का परचम बुलंद करेगी और नववर्ष का स्वागत धूमधाम से करेगी। साथ ही साथ इस वर्ष शोभा यात्रा रैली अति भव्य होगी। इस भव्य शोभायात्रा में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध बारह धुमाल एवं डीजे और पंथी नृत्य, डंडा नृत्य तथा हमारे सांस्कृतिक नृत्यों का भी समावेश होगा। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण हनुमानजी की विशेष जीवंत झांकी, आयोध्या के श्री रामलाल की नयनाभिराम झांकी, राम दरबार की जीवंत झांकी, भारत माता की दिव्य प्रतिमा साथ चलेगी। इसके पश्चात शाम 8 बजे एकता चौक में भारत माता की दिव्य-भव्य आरती 101 माताओं और बहनों द्वारा एक साथ की जाएगी, 101 युवाओं के द्वारा भव्य शंखनाद किया जाएगा। इस कार्यक्रम की शोभा को बढ़ा देगी आप सभी साथियों से हिंदू नव वर्ष उत्सव समिति आग्रह करती है कि हिंदू नववर्ष के स्वागत में अपने-अपने घरों में दीप जलाकर, भगवा झंडा लगाकर, रंगोली बनाकर सांस्कृतिक रूप से हिंदू नववर्ष का स्वागत करें, हिंदू नववर्ष उत्सव समिति ने आग्रह किया है कि हर घर से एक सनातनी हिंदू नववर्ष की रैली में शामिल होने अपील की गई।




**धरमपुरा में मां कर्मा जयंती धूमधाम से मनाया गया**

**हरिभूमि कवर्धा।** मां कर्मा जयंती के पावन अवसर पर माता कर्मा माता एवं श्री राधा कृष्ण मंदिर में महिला साहू संघ के पदाधिकारियों एवं परिक्षेत्रीय साहू संघ धरमपुरा खेमराज साहू, शिवप्रसाद साहू अध्यक्ष व सरपंच मानिकचौरी यादोराम साहू, अशोक, नरेंद्र, दिनेश साहू, श्रीमती राजकुमारी साहू, पद्मिनी साहू एवं अन्य पदाधिकारी की उपस्थिति में विधि-विधान से पूजा अर्चनकार कर प्रसाद वितरण किया गया साथ ही सर्व जन हिताय की भावना से देश की खुशहाली की गई।

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

**हादसा:** ट्रेलर व ट्रक में लगी भीषण आग, आरोपी वाहन चालक फरार, कार सवार तीन घायल

# ट्रेलर ने पहले कार को मारी टक्कर फिर ट्रक से जा भिड़ा, भड़की आग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले से गुजरने वाले जबलपुर-रायपुर नेशनल हाईवे में एक बार फिर भीषण सड़क हादसा देखने को मिला है। यहां दशरंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम अगरी के पास एक तेज रफ्तार ट्रैलर वाहन द्वारा कार को ठोकर मारने के बाद उसकी भिड़ंत सामने से आ रहे ट्रक से हो गई। दोनो वाहनो की सीधी भिडंत के बाद उनमे भीषण आग लग गई और वे खाक हो गए। हालांकि इस हादसे में ट्रैलर व ट्रक चालक बाल-बाल बच गए और घटना के बाद मौके से फरार हो गए। वहीं ट्रैलर वाहन की चपेट में आई कार सवार तीन लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद मौके पर पहुंची दशरंगपुर पुलिस ने दमकल टीम की मदद से आग पर काबू पाने के बाद अब अज्ञात आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी पतासाजी में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार-रविवार की दरमियानी रात नेशनल हाईवे 30 में दशरंपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम अगरी के जांच नाका के पास आयरन लेकर रायपुर से जबलपुर की ओर जा रहे ट्रैलर वाहन के अज्ञात चालक ने लारपवाही व तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए जांच नाका में खड़ी एक कार को जबरदस्त ठोकर मार दी। बताया जाता है कि ट्रैलर वाहन की ठोकर इतनी भीषण थी की कार उछलकर खेत में जा गिरी और कार में सवार तीन सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद अनियंत्रित ट्रैलर वाहन जबलपुर से गेंहूं लेकर रायपुर की ओर जा रही एक ट्रक से जा टकरा गई। दोनो वाहनो के बीच हुई इस सीधी भिड़त के बाद उनमें आग लग गई और कुछ ही देर में आग ने पूरी तरह दोनो वाहनो को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि इससे पूर्व ही दोनों वाहनो के चालक सुरक्षित बाहर निकल आए और रात में अंधेरे का फयदा उठाकर मौके से फरार हो गए। बाद में जांच नाका में मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी तत्काल दशरंगपुर पुलिस तथा दमकल अमले को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल की टीम ने काफी मसक्कत के बाद धू-धू कर जल रहे वाहनो में लगी आग पर काबू पाया तथा कार सवार घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं अज्ञात ट्रैलर तथा ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर अब पुलिस उनकी तलाश कर रही है।



### घंटो जाम रहा नेशनल हाईवे

जानकारी के मुताबिक इस भीषण सड़क हादसे और एक साथ दो भारी वाहनो के बीच सड़क में जलकर क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाला नेशनल हाईवे आधी रात के बाद से लेकर रविवार की दोपहर तक जाम रहा। जिसके चलते मार्ग के दोनो और वाहनो की लम्बी कतारें लगी रही और आवा जाही लगभग बंद रही। बाद में पुलिस ने मार्ग से दोनो क्षतिग्रस्त वाहनो को हटवाकर मार्ग बहाल कराया।

### कार के उड़े परखच्चे, ट्रके खाक

इस भीषण सड़क हादसे में जहां आयरन से भरे तेजरफ्तार ट्रैलर वाहन की टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए वहीं ट्रैलर और गेंहू से भरे ट्रक में भिडंत के बाद लगी आग से दोनो वाहन खाक हो गए। सार्वधिक नुकसान ट्रक को हुआ है, गेंहू से भरे इस ट्रक में आग इतनी ज्यादा फैली थी की ट्रक पूरी तरह से खाक हो गया है।

### आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज

बीती रात लगभग 1 बजे सूचना मिली की अगरी कला गांव के पास रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे में दो ट्रक में एक्सिडेंट के बाद आग लगी हुई है। फायर बिग्रेड की मदद से ट्रकों में लगी आग को बुझाया गया है, घटना के बाद दोनों ट्रक ड्राइवर फरार है, दोनों की तलाश जारी है।

**संदीप चौबे, एएसआई, दशरंगपुर चौकी**



# पंडरिया पश्चिम के जंगलों में लगी आग को बुझाने में जुटा अमला

■ सेटेलाईट एवं भारतीय वन सर्वेक्षण के माध्यम से मिल रही आग की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा वनमंडल अंतर्गत पंडरिया पश्चिम परिक्षेत्र में लगातार सेटेलाईट एवं भारतीय वन सर्वेक्षण के माध्यम से चिन्हांकित हो रही अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए परिक्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

इसके अलावा उनके द्वारा अग्नि दुर्घटना को नियंत्रित करने, रोकने एवं सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी आम नागरिकों को प्रदाय करते हुए जागरूक भी किया जा रहा है। उल्जलेखनीय है कि भीषण गर्मी के इस मौसम में सेटेलाईट एवं भारतीय वन सर्वेक्षण के द्वारा जिले के जंगलों में लगातार अग्नि दुर्घटना के संदेश प्राप्त हो रहें है जिसका परिक्षेत्र अधिकारी पंडरिया पश्चिम के निर्देशन में संबंधित परिक्षेत्र सहायक, परिसर रक्षक एवं अग्नि सुरक्षा प्रहरी के द्वारा लगातार आग पर नियंत्रण किया जा रहा है। पंडरिया पश्चिम परिक्षेत्र के कुई परिसर कक्ष क्रमांक पीएफ 441, सेन्दूरखार परिसर कक्ष क्रमांक 465 में अज्ञात कारणों से आग लगना पाया गया जिसे तत्काल मौंके पर जाकर क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा बुझाया गया। इसी प्रकार अमनिया परिसर कक्ष क्रमांक 453, कुकदूर परिसर कक्ष क्रमांक पीएफ 450, पोलमी परिसर कक्ष क्रमांक 456, सेन्दूरखार परिसर कक्ष क्रमांक पीएफ 464 में स्थानीय कृषकों के द्वारा खरपतवार जलाने हेतु आग लगाया जाना पाया गया जिसमें लाईन कटिंग किया गया जिससे आग अन्यत्र ना फैलने पाए। इन सभी स्थानो में आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल संबंधित परिसर रक्षक द्वारा अग्नि सुरक्षा प्रहरी रक्षक अन्य ग्रामीणो की मदद से आग बुझाकर नियंत्रित किया गया एवं समस्त ग्रामो में ग्रामीणो को समझाईस दिया गया कि इस प्रकार से अनियंत्रित आग अपने खेतो में खरपतवार जलाने हेतु महुआ संग्रहण के लिए आग न लगाएं।

## खबर संक्षेप

### अचानक फिर बदला अंचल को मौसम

**कवर्धा।** कवर्धा सहित अंचल का मौसम रविवार को एक बार फिर अचानक बदल गया। इस बदले मौसम के बीच जहां कवर्धा सहित आसपास के ईलाकों में हल्की बूंदा बांदी हुई वहीं बीते कई दिनों से चिलचिलाती धूप तथा तपिस से हलाकान लोगों ने भी राहत मिली। हालांकि लोगों की माने तो इस तरफ का मौसमी उतार चढ़ाव लोगों की सेहद के लिहाज से ठीक नहीं है, ऐसे में लोगों के बीमार पडऩे का खतरा ज्यादा होता है। उल्लेखनीय है कि मार्च महिने के शुरूआती दिनो से ग्रीष्म ऋतु ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे। लेकिन इसी बीच रविवार को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। रविवार को सुबह से ही आसमान में बदली छाई रही और हल्की बूंदा बांदी भी देखने को मिली। जिससे मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से काफी हद तक राहत मिलती दिखाई। दी बहरहाल मौसम का मिजाज ऐसा कब तक बना रहेगा देखने वाली बात होगी।

### मतदान दल का द्वितीय रेण्डमाइजेसन

**कवर्धा।** सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन, सहायक रिर्टनिंग ऑफिसर पंडरिया संदीप ठाकुर, कवर्धा आशीष अनुपम टोप्पो और उप जिला निर्वाचन अधिकारी कबीरधाम सुश्री गीता रायस्त, डीआईओ एनआईसी नभ वर्मा की उपस्थित में सर्किट हाउस राजनांदगांव में मतदान दल का द्वितीय रेण्डमाइजेसन किया गया। सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेण्डमाइजेसन किया गया और मतदान दल का गठन करने के साथ ही विधानसभा आबंटित किया गया।

# तीन मवेशी तस्कर गिरफ्तार करीब 45 नग मवेशी जब्त

## ट्रक में भरकर कत्लखाने ले जाए जा रहे थे मवेशी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मुखबिर की सूचना पर साईबर पुलिस टीम ने शनिवार-रविवार की रात एक बड़ी कार्यवाही करते हुए दशरंगपुर से मवेशियों से भरा एक ट्रक पकड़ा और करीब 45 नग मवेशियों को जप्त किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन मवेशी तस्करों को भी गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। गिरफ्त आए मवेशी तस्करों के खिलाफ अब नियमानुसार कानून कार्यवाही की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को जिले की साईबर पुलिस टीम को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि कुछ लोग ग्राम बाघामुड़ा से मवेशियों की बड़ी खेप ट्रक क्रमांक क्रमांक सीजी 04 एच एक्स 4274 में भरकर नागपुर ले जाने वाले हैं। इस सूचना के आधार पर साईबर पुलिस टीम ने तत्काल दशरंगपुर पुलिस चौकी के पास बैरिकेटिंग कर संबंधित नम्बर के वाहन के आने पर उसे रोक लिया और वाहन की जांच की। जांच के दौरान पुलिस को ट्रक में बड़े ही क्रूरतापूर्ण ढंग से भरे गए करीब 40 जिंदा गाय, बछिया, बछड़ा तथा पांच नग मृत मवेशी मिले है। जिन्हे पुलिस ने जप्त कर लिया। वहीं इस मामले में वाहन चालक ओमप्रकाश कावड़े यशोधरा नगर नागपुर महाराष्ट्र, मोहम्मद अली नागपुर महाराष्ट्र तथा पकला घृतलहरे खंडसरा बेमेतरा को मवेशियों की खरीदी बिक्री से संबंधित को दस्तावेज पेश नहीं किए जाने पर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के विरूद्ध 4,6,10,11 छत्तीसगढ़ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

### नागपुर ले जाई जा रही थी मवेशियों की खेप

मवेशी तस्करों ने पूछताछ के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि वे ग्राम बाधामुड़ा से मवेशियों की खेप लेकर नागपुर ले जा रहे थे। जहां वे संभवतः इन्हे कसाईयों के हवाले करने वाले थे। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इन तस्करों को ग्राम बाघामुड़ा में मवेशी किनके द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। इन्होने इन मवेशियों को किसी से थोक में खरीदे हैं या फिर फुटकर में खरीदकर मवेशी तस्करी की जा रही थी। बहरहाल पुलिस जांच कर रही है और उम्मीद है कि ऐसे सभी सवालों के जवाब तलासे जाएंगे तथा ठोस कार्यवाही भी की जाएगी।

### बड़े पैमाने पर होती है मवेशियों की तस्करी

यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिले सहित आसपास के जिलों से मवेशियों की तस्करी बड़े पैमाने पर होती है। ये अलग बात है कि कुछ तस्करों के संबंध में पुलिस को मुखबिरों के तरिए या फिर किसी गौरक्षक संगठनो के जरिए जानकारी मिलने के बाद कार्यवाही कर दी जाती है। बताया जाता है कि अंचल में सक्रिय मवेशी तस्कर ग्रामीण तथा वनांचलों के मवेशी पालकों से बीमार तथा अनुपयोगी मवेशियों को औने पौने दामों में खरीदकर उन्हें कुछ इसी तरह से कत्लखाना में बेंचने का गोरखधंधा करते हैं। ऐसे में माना यही जा रहा है कि तस्करों के साथ ही पुलिस को ऐसे मवेशी पालकों के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही करनी चाहिए जो बगैर जांच पड़ताल के मवेशियों को तस्करों के हांथो में बेंच रहे हैं।

### मतदान दलों का प्रशिक्षण आज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लोकसभा निर्वाचन के स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कार्य संपादित कराने की दृष्टि से भारत निर्वाचन आयोग के आदेशों के अनुपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर 08 अप्रैल को कमिशनिंग एवं सामाग्री वितरण का प्रशिक्षण अलग-अलग समय निर्धारित है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी कबीरधाम सुश्री गीता रायस्त ने बताया कि जिले के कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के कमिशनिंग का प्रशिक्षण दो पाली में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 11 बजे और 01 बजे आयोजित की गई है। इसी प्रकार दोनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान सामाग्री वितरण का प्रशिक्षण 04 बजे आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कमिशनिंग और सामाग्री वितरण का प्रशिक्षण में संलग्न सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समय में उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

# टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि शिक्षा मंत्री से मिले, शिक्षकों के विभिन्न मुद्दों पर किया चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से राजधानी रायपुर में मुलाकात कर शिक्षकों के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा किया।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि चर्चा के दौरान प्रमुख रूप से बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, शिक्षा विभाग के रिक्त पदों पर पदोन्नति, सीधी भर्ती व पदोन्नति के लिए पचास-पचास प्रतिशत पदों के अनुपात का पालन, बीईओ के पदपूर्ति नियमों में संशोधन, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन व क्रमोन्नति आदि विषयों को प्रमुखता से रखा गया। शिक्षा मंत्री ने एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के हित में छग शासन सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखेगा. बीईओ के पदपूर्ति नियमों का परीक्षण कर आवश्यक संशोधन किया जाएगा।

रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र किया जावेगा, साथ ही भर्ती व पदोन्नति अनुपात का पालन किया जाएगा( इस दौरान प्रमुख रूप से प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा, सुधीर प्रधान, बसंत चतुर्वेदी, आयुष पिल्ले, गंगेश्वर उइके, सुखनंदन साहू, जितेंद्र मिश्रा, पुरन साहू, गोपी वर्मा, ओमप्रकाश सोनकला, परमेश्वर निर्मलकर सहित प्रांतीय, जिला व ब्लॉक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बढ़ती गर्मी के साथ बिजली के झटके शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बढ़ती गर्मी के साथ कवर्धा नगर सहित आसपास के ग्रामीण ईलाकों में एक बार फिर बिजली ने ङाटके देना शुरूकर दिया है। माना जा रहा है कि यह विद्युत विभाग की अनेदखी और अव्यवस्था का नतीजा है जिसका खामियाजा अब उपभोक्ताओं को पूरी गर्मी भर भुगतना पड़ सकता है। गौरतलब है कि मार्च माह की समाप्ति के साथ ही गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। लेकिन हर बार की तरह इस बार भी विद्युत विभाग ने ग्रीष्म ऋतु में अचानक बढऩे वाली विद्युत की खपत को देखते हुए कोई विशेष इंतजाम नहीं किए हैं और



सब कुछ पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है। यहां बताना लाजमी होगा कि शीत ऋतु की समाप्ती के बाद मार्च माह के अंतिम सप्ताह से गर्मी के जोर पकडऩे के साथ ही नगर सहित समूचे जिले में बिजली की खपत अचानक बढ़ जाती है। लोग समान्य तौर पर बिजली के उपयोग के साथ ही गर्मी से राहत पाने पंखा, कूलर, एसी सहित अन्स विद्युत उपकरणों का बेजा उपयोग करते हैं। इसके अलावा नगर में कई गन्ना रस विक्रेताओं द्वारा विद्युत मोटर का उपयोग किया जाता है। जिसकी वजह से ओवर लोड होना तथा फाल्ट आना स्वभाविक है। लेकिन अगर विद्युत विभाग इस बात को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्म ऋतु के पूर्व ही व्यवस्था दुरूस्त कर ले तो उपभोक्ताओं को कुछ हद तक विद्युत की आंख मिचोली से राहत मिल सकती है।

रंगोली, ड्राइंग, संगोष्ठी के माध्यम से मतदान के महत्व की दी गई विस्तृत जानकारी

# शिक्षकों द्वारा शत् प्रतिशत मतदान करने मतदाताओं को दिया संदेश




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य लगातार जिले में चल रहा है। शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिए लगातार प्रयास करते हुए लोगों को जागरूक करने अनेकों कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल के निर्देश में शिक्षा विभाग ने शासकीय शालाओं में पदस्थ शिक्षिकाओं के मध्य गत दिवस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय क्षेत्र राजनंदगांव हेतु 26 अप्रैल 2024 को दूसरे चरण में वोट डाले जाएंगे। जिसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा लगातार प्रयास कर जागरूकता लाने का कार्य किया जा रहा है। रानी दुर्गावती चौक स्थित आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला शिक्षकों ने मतदाता जागरूकता आधारित मेहंदी, रंगोली, चित्रकला, ग्रुप डिस्कशन, व्याख्यान, स्लोगन, गीत, इत्यादि प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सहायक शिक्षिका अर्चना श्रीवास्तव ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता का मत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए युवाओं के साथ साथ वरिष्ठ नागरिकों एव दिव्यांग मतदाताओं का मत महत्वपूर्ण है। अगले क्रम में पूनम तिवारी, आरती पांडे एव वर्षा मानिकपुरी ने मतदान आधारित गीत प्रस्तुत किए। सुमन वानखेड़े एवं अर्चना तिवारी ने मतदाता जागरूकता पर आधारित स्लोगन प्रस्तुत किए तथा अशोक जनार्दन ने कविता प्रस्तुत किया। एलविना विल्सन और वर्षा मानिकपुरी ने ड्राइंग के माध्यम से एवं अर्चना तिवारी, पूजा गुप्ता, लक्ष्मी पाण्डेय, सुमन कामड़े, छाया, आरती पाण्डेय, हेमलता शर्मा, रीना बंदे, सुषमा गुप्ता, रीना गुप्ता, दीपमाला मंडावी, शीला सिन्हा आदि ने रंगोली और ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से मतदान के महत्व को बताया। कार्यक्रम के अंत मे उपस्थित सभी को जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू ने मतदाता शपथ दिलाई। इस दौरान सहायक संचालक महेंद्र गुप्ता, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता अवधेश नंदन श्रीवास्तव एव विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार कार पलटी एक सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी



चिल्फी थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में रविवार की दोपहर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में कार सवार एक युवक घायल बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर एक कार में कुछ लोग जबलपुर से रायपुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम राजाढार हनुमान मंदिर के पास उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 20 मीटर दूर तक पलटते हुए फिर सीधी हो गई। इस दुर्घटना में कार सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसे घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिल्फी में दाखिल कराया है।